Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार
मूर्तियां एवं समस्त
पूजन सामग्री
संगमरमर व पीतल की
मूर्तियां राशि रत्न
एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध
ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय
सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के
सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 105 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये दुर्ग, शनिवार 01 फरवरी 2025 www.samaydarshan.in

बजट सत्र 2025 : आर्टिकल 370 से लेकर डिजिटल फ्रॉड तक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण की बड़ी बातें

## मध्यम वर्ग पर जोर से लेकर पूर्वोत्तर का जिक्र, लेकिन मणिपुर का नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार के कामों को गिनाया। साथ ही %एक राष्ट्र, एक चुनाव% और वक्फ संशोधन जैसे विधेयक का जिक्र किया।

राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण से जुड़ी 10 बड़ी बातों पर नजर डालते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने 'सबका साथ, सबका विकास' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार का मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है और इसी पर हम काम कर रहे हैं। राष्ट्र प्रथम की भावना से सरकार आगे बढ़ रही है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का वातावरण हुआ है।

उन्होंने देश के बुनियादी ढांचे के बढ़े बजट का जिक्र किया। संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति



मुर्मू ने कहा, हमारा एक ही लक्ष्य है, विकसित भारत बनना। 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा है।

राष्ट्रपति ने भारत में टेक्नोलॉजी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, दुनिया के विकसित देश भी भारत की यूपीआई लेनदेन प्रणाली की सफलता से प्रभावित हैं। भारत टेक्नोलॉजी का ग्लोबल प्लेयर है, यहां डिजी लॉकर और यूपीआई जैसी सेवाएं हैं।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, आज हमारे युवा स्टार्टअप से लेकर खेल और अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और प्रौद्योगिकी अपनाने के क्षेत्र में दुनिया को रास्ता दिखा रहा है। डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप, इनोवेशन में भारत आगे है। भारत में गरीबी को मात देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा, गरीब को गरिमापूर्ण जीवन मिले, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। देश के 25 करोड़ लोग गरीबी को परास्त कर आज अपने जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। हमने न्यू मिडिल क्लास का ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जो नई ऊर्जा से भर रहा है। राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन की तैयारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के सम्मान के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के यूनिफाइड पेंशन के तहत 50 फीसदी निश्चित पेंशन देने का फैसला लिया गया है।

देश में बढ़ते पेपर लीक मामलों पर भी राष्ट्रपति बोलीं। राष्ट्रपति ने कहा कि पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू हुआ।


### सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को कहा 'पूअर लेडी', अभिभाषण को राहुल गांधी ने बताया बोरिंग

*संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी द्वारा कई गई टिप्पणी से सियासत गर्मा गई है। सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद कहा, वो क्कश्शह्म् द्यड्डस्र4 हैं और अभिभाषण के बाद थक गई थीं। दरअसल, संसद परिसर में जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा तो सोनिया ने राष्ट्रपति को क्कश्शह्म् द्यड्ड स्र4 (बेचारी महिला) कह डाला। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति मुर्मू के अभिभाषण को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुरानी चीजों को ही रिपीट कर रही थीं। इसके बाद सोनिया ने कहा कि राष्ट्रपति काफी थक गई थीं। वो बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं। खराब बातें बोली क्कश्शह्म् द्यड्ड स्र4। अब इसे लेकर राजनीति गरमा गई है। बीजेपी ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आदिवासी विरोधी बताया। एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा, हम बीजेपी कार्यकर्ताओं की ओर से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए क्कश्शह्म् शब्द के इस्तेमाल की निंदा करते हैं। कांग्रेस जानबूझकर ऐसा करती है, जो उसकी गरीब-विरोधी और आदिवासी विरोधी सोच को दर्शाता है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगे। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के बयान पर बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने भी प्रतिक्रिया दी है।*

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में शत्रुघ्न सिन्हा करेंगे केजरीवाल के समर्थन में प्रचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में अरविंद केजरीवाल के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा वोट मांगेंगे। टीएमसी सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। टीएमसी सांसद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी के लिए भी चुनाव प्रचार करेंगे।

टीएमसी सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और



आतिशी को टैग कर लिखा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर मैं अपने मित्र सबसे चर्चित, पढ़े-लिखे, आईआईटियन, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के समर्थन में आगामी दिल्ली चुनाव के लिए दिल्ली में रहूंगा। मेरा प्रचार अभियान 1 फरवरी 3 फरवरी के बीच शुरू हो सकता है। अरविंद और उनकी पार्टी को शानदार जीत और अपनी पारी को आगे बढ़ाने के लिए मेरी शुभकामनाएं। जय हिंद। टीएमसी सांसद के पोस्ट के अनुसार, वह नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, कालकाजी से आतिशी और ग्रेटर कैलाश से सौरभ भारद्वाज के लिए चुनावी सभा करेंगे। कहा जा रहा है कि टीएमसी सांसद इन सीटों पर रहने वाले पूर्वांचली वोटरों को आकर्षित कर सकते हैं।

## फिरोजपुर में बोलेरो पिकअप और कैंटर के बीच भीषण टक्कर, 10 की मौत-5 गंभीर घायल

### पंजाब में दर्दनाक हादसा

**फिरोजपुर (एजेंसी)।** पंजाब के फिरोजपुर में एक बोलेरो पिकअप और कैंटर की टक्कर हो गई है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। जबकि, 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा सुबह फिरोजपुर के गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक घटना के वक्त पिकअप में करीब 15 से ज्यादा लोग सवार थे।

घायलों को राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर हुई। घटना की सूचना मिलने



के बाद फिरोजपुर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंचे इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने बताया है कि सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स की टीमें पहुंच गई थीं। सभी घायलों अस्पताल पहुंचाया गया है। इंस्पेक्टर बराड़ ने बताया है कि बोलेरो पिकअप में मजदूर सवार थे। वे फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे।

इस दौरान पिकअप बेकाबू हो गई, जिससे पीछे से आ रहे कैंटर के साथ हादसा हो गया। 8 से ज्यादा लोगों को अस्पताल ले जाते ही मृत घोषित कर दिया गया था। वहीं, कुछ ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया है कि बोलेरो पिकअप में सवार सभी लोग शादियों में वेटर का काम करने के लिए जाते थे। गांव सूफेवाला के करीब 10 युवक आज वेटर के काम के लिए उक्त पिकअप में सवार थे।

'12 या उससे अधिक घंटे डेस्क पर बिताना हानिकारक'

## 'हफ्ते में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर..', आर्थिक सर्वेक्षण ने अध्ययनों का दिया हवाला

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हफ्ते में 70-90 घंटे काम करने पर बहस के बीच, शुक्रवार को बजट-पूर्व आर्थिक सर्वेक्षण में अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा गया कि हफ्ते में 60 घंटे से अधिक काम करने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि डेस्क पर लंबे समय तक काम करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और जो व्यक्ति डेस्क पर (प्रतिदिन) 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब या संघर्षपूर्ण होता है।

आर्थिक सर्वेक्षण में पेगा एफ, नफ्राडी बी (2021) और 'डब्ल्यूएचओ/आईएलओ संयुक्त अनुमानों से रोग और चोट के कार्य-संबंधी बोझ' के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा गया है, 'जबकि काम पर बिताए गए



घंटों को अनौपचारिक रूप से उत्पादकता का एक उपाय माना जाता है, पिछले अध्ययन में प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों का दस्तावेजीकरण किया गया है।' सैपियन लैब्स सेंटर फॉर ह्यूमन ब्रेन एंड माइंड की तरफ से किए गए एक अध्ययन के आंकड़ों का हवाला देते हुए, आर्थिक सर्वेक्षण ने कहा, 'अपने डेस्क पर लंबे समय तक बिताना मानसिक स्वास्थ्य के लिए समान रूप से हानिकारक है। जो व्यक्ति डेस्क पर 12 या उससे अधिक घंटे बिताते हैं, उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब/संघर्षशील होता है, उनका मानसिक स्वास्थ्य स्कोर डेस्क पर दो घंटे से कम या बराबर समय बिताने वालों की तुलना में लगभग 100 अंक कम होता है।' आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में एक अध्ययन के हवाले से कहा गया है कि बेहतर जीवनशैली, अच्छा कार्यस्थल माहौल और मजबूत पारिवारिक रिश्ते हर महीने 2-3 दिन कम छुट्टी लेने से जुड़े होते हैं। लेकिन अगर किसी कर्मचारी के अपने मैनेजर से रिश्ते अच्छे नहीं हैं और उसे अपने काम पर गर्व या उद्देश्य महसूस नहीं होता, तो ऐसे हालात में काम न कर पाने वाले दिनों की संख्या काफी बढ़ सकती है। हालांकि, सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि केवल कार्यस्थल का माहौल ही उत्पादकता को प्रभावित नहीं करता।

## किन्नर अखाड़े का बड़ा एक्शन, ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटाया, अखाड़े से भी निष्कासित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के बीच किन्नर अखाड़े ने बड़ा एक्शन लिया है। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने ममता कुलकर्णी को



महामंडलेश्वर पद से हटाकर अखाड़े से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को आचार्य महामंडलेश्वर पद और अखाड़े से बाहर किया गया है। दोनों को किन्नर अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है।

महाकुंभ में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुछ दिन पहले संन्यास की दीक्षा ली थी। संन्यास लेने के बाद ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर बनाया गया था, जिसका जमकर विरोध हुआ और किन्नर अखाड़े में बड़ी कलह शुरू हो गई थी। किन्नर अखाड़े के संस्थापक ऋषि अजय दास ने कहा है कि अब नए सिरे से अखाड़े का पुनर्गठन किया जाएगा और जल्द ही नए आचार्य महामंडलेश्वर के नाम का ऐलान होगा। अजय दास ने कहा- लक्ष्मी नारायण ने पहले भी मेरी परमिशन के जूना अखाड़ा के साथ एक लिखित अनुबंध 2019 में प्रयागराज कुंभ में किया। जो कि अनैतिक ही नहीं एक प्रकार की चारसौबीसी है।

उन्होंने सनातन धर्म और देशहित को छोड़कर ममता कुलकर्णी जैसी देशद्रोह के मामले में लिप्त महिला जो कि फिल्मी दुनिया से जुड़ी है, उसे बिना किसी धार्मिक व अखाड़े की परंपरा को मानते हुए वैराग्य की दिशा के बजाय सीधा महामंडलेश्वर की उपाधि देकर पट्टा अभिषेक कर दिया। जिस कारण मुझे बेमन से उन्हें इस पद से मुक्त करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा- ये लोग न तो जूना अखाड़े और न ही किन्नर अखाड़े के अनुरूप चल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर किन्नर अखाड़े के गठन के साथ ही वैजन्ती माला गले में धारण करवाई गई थी, जो कि श्रृंगार की प्रतीकात्मक है, परंतु इन्होंने उसे त्याग कर रुद्राक्ष की माला धारण कर ली। संन्यास कभी भी बिना मुंडन के नहीं होता। उन्होंने यहां भी गलती की है।

### )केरल : अवैध रूप से रह रहे 27 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोच्चि।** केरल के कोच्चि से पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 27 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एर्नाकुलम जिले के उत्तरी परवूर क्षेत्र में एर्नाकुलम ग्रामीण पुलिस और आतंकवाद निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान में की गई है। फिलहाल, सभी से पूछताछ जारी है। पुलिस द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस प्रमुख वैभव सक्सेना के मुताबिक, दो सप्ताह पहले 28 वर्षीय तस्लीमा बेगम को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया है, जिसके तहत अवैध रूप से रह रहे सभी बांग्लादेशियों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है।

विधायकों का जाना 8 फरवरी के नतीजों से चलेगा पता

## आप में लगी इस्तीफों की झड़ी, सात विधायकों ने पार्टी से तोड़ा नाता

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को आम आदमी पार्टी को एक-दो नहीं बल्कि पांच झटके लगे हैं। सबसे पहले महरौली के विधायक नरेश यादव ने इस्तीफा दिया। इसके कुछ घंटे बाद ही जनकपुरी से विधायक राजेश ऋषि ने पार्टी छोड़ी फिर त्रिलोकपुरी से विधायक रोहित कुमार मेहरौलिया, कस्तूरबा नगर के विधायक मदन लाल, बिजवासन से भुपेंद्र सिंह जून, पालम से भावना गोड़ और फिर आदर्श नगर से पवन कुमार शर्मा ने भी अपना इस्तीफा दे दिया। बता दें कि इन सभी विधायकों को पार्टी से टिकट नहीं मिला था। पांच फरवरी को होने वाले मतदान से पहले पार्टी के तीन विधायकों का जाना आप के लिए कितना नुकसान दायक साबित होगा अब ये आठ फरवरी को मतगणना के दिन ही पता चलेगा।

महरौली विधायक नरेश यादव ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा, आम आदमी पार्टी का उदय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए, अन्ना आंदोलन से भारतीय राजनीति से भ्रष्टाचार को मुक्त करने के लिए हुआ था लेकिन अब मैं बहुत दुखी हूं कि भ्रष्टाचार आम आदमी पार्टी बिल्कुल भी कम नहीं कर पाई बल्कि आम आदमी पार्टी ही भ्रष्टाचार के दलदल में लिप्त हो चुकी है।

मैंने आम आदमी पार्टी ईमानदारी की राजनीति के लिए ही ज्वाइन की थी। आज कहीं भी ईमानदारी नजर नहीं आ रही है। मैंने महरौली विधानसभा में पिछले 10 सालों से लगातार 100 फीसदी ईमानदारी से काम किया है। महरौली के लोग जानते हैं कि मैंने ईमानदारी की राजनीति, अच्छे व्यवहार की राजनीति और काम की राजनीति की है। मैंने महरौली के बहुत से लोगों से चर्चा की, सभी ने यही कहा कि आम आदमी पार्टी ॲब पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुकी है। आपको इस पार्टी को छोड़ देना चाहिए क्योंकि इन्होंने लोगों के साथ धोखा किया है। कहते थे, कि हम ईमानदारी की राजनीति करेंगे लेकिन आज पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है।

### भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद

पार्टी भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का एक कटोरा बन गई है। जो लोग अखंडता के संरक्षक होने वाले थे, वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता बन गए हैं। मैं अब एक ऐसे संगठन का हिस्सा नहीं बन सकता जिसने अपने नैतिक दिशा को खो दिया है। मैं यह स्वीकार करने के लिए गहरा दुख महसूस करता है कि आम आदमी पार्टी (आप) ने उन लोगों के साथ विश्वासघात क्रिया है। जिन्होंने अरविंद केजरीवाल पर एक राजनीतिक दल बनाने के लिए विधान किया था। मैं उनमें से एक था, और मेरे पार्टी की नीव और निर्माण करने और स्माठन बनाने के लिए संघर्ष किया था। हालांकि, वह देकर मझे दर्द होता है कि पाटी अपने मूल सिद्धांतों से हट गई है।

आम आदमी पार्टी एक अनियंत्रित गिरोह के लिए एक स्वर्ग बन गई है। पार्टी का प्रचार भाई-भाई और तानाशाही के साथ पर्यायवाची हो गई है। पार्टी की स्थापना शिपाई था, उहिया गया है समथाओं से अलग नहीं हो पाई है जिन्हें होती देना चाहती थी।

## जम्मू-कश्मीर : पुंछ में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सेना ने दो आतंकवादियों को किया ढेर

**पुंछ (एजेंसी)।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया। नगरोटा स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया कि गुरुवार रात एलओसी पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को घेर लिया।

इसके बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने बाद में इलाके में तलाशी अभियान चलाया और हथियार व युद्ध सामग्री बरामद की। सेना ने कहा कि ऑपरेशन अभी जारी है। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक पोस्ट में कहा, कल रात पुंछ सेक्टर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर आतंकवादी गतिविधि का पता चला। सतर्क सैनिकों ने तत्परता दिखाते हुए घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को घेर लिया। इसके बाद जबरदस्त गोलाबारी हुई। ऑपरेशन पूरे दिन चलता रहा। स्थानीय लोगों ने इलाके में कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना दी थी, जिसके बाद गुरुवार को सुरक्षा बलों ने जम्मू संभाग के डोडा जिले में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। डोडा ऑपरेशन से एक दिन पहले, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के ओवर-ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए राजौरी जिले के 25 स्थानों पर तलाशी ली। ओजीडब्ल्यू आतंकवादियों के लिए आंख और कान का काम करते हैं। वे उन्हें रसद सहायता प्रदान करते हैं, हथियार पहुंचाते हैं और सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रखते हैं। खुफिया एजेंसियों ने यह भी बताया कि ओजीडब्ल्यू आतंकवादियों के लिए उन इलाकों में आतंक फैलाने के लिए आसान और निहत्थे ठिकानों की पहचान करते हैं। 2024 में आतंकवादियों द्वारा कुछ कायराना हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू किया था। 20 अक्टूबर, 2024 को दो आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के श्रमिकों के शिविर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की थी।

# मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन पर जुआ एक्ट की बड़ी कार्यवाही

### नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के मद्देनजर मुंगेली पुलिस एक्शन मोड पर

### 52 परियों से खेल रहे 12 जुवाडियान गिरफ्तार, कब्जे से 20250 रूपये किया गया जप्त



मुंगेली (समय दर्शन) मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थ बिक्री व तस्करी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुंगेली श्री मयंक तिवारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस एवं साइबर सेल की टीम को दिनांक 30.01.2025 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम जदई तालाब पार सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है कि सूचना तस्दीक पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के साथ ग्राम जदई तालाब पार में घेराबंदी कर अलग-अलग फड़ में बैठकर आम जगह पर रूपये पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती से काटपत्ती जुआ खेलते पकड़े गये आरोपीगण 1. आशीष वर्मा पिता चैनदास वर्मा निवासी नवागांव थाना व जिला मुंगेली, 2. दिलीप टण्डन पिता त्रिलोचन ग्राम छीतापुर थाना व जिला मुंगेली, 3. जयप्रकाश टोण्डे पिता पुनू टोण्डे, 4. संगीत बर्मन पिता गुलाब चंद बर्मन निवासी बलौदी थाना व जिला मुंगेली, 5. अशोक दिवाकर पिता लालदास निवासी जदई थाना व जिला मुंगेली एवं 6. जगदीश साहू पिता सुकालू साहू के कब्जे से नगदी रकम 11050 रूपये एवं दूसरे प्रकरण के आरोपीगण 1. विनय चतुर्वेदी पिता प्रकाश निवासी छीतापुर थाना व जिला मुंगेली, 2. विनोद यादव पिता पुनउराम यादव निवासी जदई थाना व जिला मुंगेली, 3. हरि साहू पिता सुखराम साहू, 4. संतोष भास्कर पिता टेमन भास्कर, 5. सुखीराम पिता रामकुमार चंदेल एवं 6. विरेन्द्र जोशी पिता शंकर जोशी निवासी चिरहुला थाना व जिला मुंगेली के कब्जे से नगदी रकम 9200 रूपये, दोनो प्रकरण से कुल 20250 रूपये, 52 पत्ती तास, बोरी फट्टी एवं अर्द्धजली मोमबत्ती जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक गिरिजाशंकर यादव प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली, उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा प्रभारी साईबर सेल मुंगेली, प्र.आर. दयाल गावस्कर, यशवंत डाहिरे, भुवन चतुर्वेदी, आर. राजू साहू, भेषज पाण्डेकर, बसंत डहरिया, गिरीराज सिंह, महेन्द्र सिंह राजपूत, राकेश बंजारे, हेमसिंह, अजय चंद्राकर, दुर्गेश यादव, नोहर डडसेना एवं रवि मिंज की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने ईव्हीएम डेमोस्ट्रेशन सेंटर का किया शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा/** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) डेमोस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारी से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि कलेक्टर कार्यालय में आने वाले सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें तथा ईव्हीएम से वोट डालने की प्रक्रिया से अवगत करवाएं। उन्होंने डेमो के लिए उपलब्ध मशीन का ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक अनुभव आमजनो को दिए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

### फार्मेसी एवं बी एड कॉलेज में वार्षिकोत्सव आज



**जांजगीर, समयदर्शन**//जिला जांजगीर - चांपा के प्रमुख फार्मेसी एवं बी एड कॉलेज केशरी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी ,त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी तिलई ,जांजगीर तथा बी एड कॉलेज ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर , केशरी बी एड कॉलेज खोखरा का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संयुक्त रूप से 01 फरवरी दिन शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से ज्ञानोदय परिसर ,अकलतरा रोड जांजगीर में आयोजित है। इस अवसर पर फॉर्मेसी एवं बी एड के प्रशिक्षार्थी छात्र -छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगा - रंग प्रस्तुति दी जाएगी साथ ही विगत वर्ष मुख्य परीक्षा में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थी तथा शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली भूमिका साहू पुरस्कृत की जाएंगी। वार्षिकोत्सव डॉ.अखिलेश कटकवार के मुख्य आतिथ्य,श्री कमलेश कुमार यादव की अध्यक्षता तथा श्री अमरनाथ यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है।उक्ताशय की जानकारी फार्मेसी एवं बी एड कॉलेज के संचालक डॉ.सुरेश यादव द्वारा दिया गया है।

### जीनियस स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**बिर्रा समय,दर्शन।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत जीनियस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम बिर्रा में आज 1 फरवरी दिन शनिवार को सुबह 10:00 से वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जीनियस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल इंग्लिश मीडियम बिर्रा के प्राचार्य लेखराम साहू ने बताया कि स्कूल में 1 फरवरी दिन शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से रखा गया है। जिसमें बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी में जीनियस स्कूल बिर्रा के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### कटही में पांच दिवसीय योग शिविर आज से

**बिर्रासमय दर्शन//।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) किकिरदा के तत्वाधान में ग्राम कटही में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ आज 1 फरवरी दिन शनिवार से शुभारंभ किया जाएगा। शिविर में योग प्रशिक्षक के द्वारा योग के विभिन्न आसन जैसे कपाल भाती,अनुलोम विलोम, प्राणायाम ,सूर्य-नमस्कार आदि योगासनों को कराया जाएगा। इस संबंध में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ भानु प्रसाद धिरहे ने सभी लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग शिविर का लाभ लें और योग करें और निरोग रहें।

### जिले में 6 लाख 19 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी / कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में खरीफविपणन वर्ष 2024-25 के तहत सुचारू रूप से धान खरीदी की गई। जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों के जरिए 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक एक लाख 23 हजार 764 किसानों का 6 लाख 19 हजार 808 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदे गए धान की कुल राशि 1427.25 करोड़ रूपये है। कुल उपार्जित धान में से 5 लाख 54 हजार 298 मीट्रिक टन धान का समितियों से उठाव कर लिया गया है।

## जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अब तक 49 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन पत्र दाखिल



**मुंगेली( समय दर्शन )** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अब तक 49 अभ्यर्थियों ने 55 नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 24 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिनमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 डिंडौरी से श्रीमती संध्या साहू, क्षेत्र क्रमांक 03 बोड़तराकला से श्रीमती दीपबाई खाण्डेकर एवं श्रीमती रत्ना काठले, क्षेत्र क्रमांक 04 मनोहरपुर से श्रीमती शांति भास्कर एवं श्रीमती हेमलता बंजारे, क्षेत्र क्रमांक 05 औराबांधा से श्रीमती छैलीबाई साहू, श्रीमती सुभद्रा शुक्ला और श्रीमती राजकुमारी चंद्राकर, क्षेत्र क्रमांक 06 दशरंगपुर से मकराल यादव एवं श्रीकांत पाण्डेय, क्षेत्र क्रमांक 08 सेतगंगा से कुलेश्वर सिंह बारमते एवं टेकराम, क्षेत्र क्रमांक 09 पण्डरभट्ठा से विष्णु खाण्डे, दाऊसिंह परिहार और लक्ष्मीकांत भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 10 लौंदा से श्रीमती चमेली अशोक सिंह एवं श्रीमती फारूका बेगम खान, क्षेत्र क्रमांक 11 जुनवानी से मंजू एवं श्रीमती अनिला बाई राजपूत और क्षेत्र क्रमांक 12 मोहभट्ठा से संजय तिवारी, नेतराम साहू, तारन टण्डन, श्रीमती गोविंदराम साहू एवं दिलीप कुमार कौशिक ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गौरतलब है नाम निर्देशन की प्रक्रिया 03 फरवरी तक, संविक्षा 04 फरवरी, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 06 फरवरी निर्धारित है।

## मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ बड़े कार्य भी आसानी से होंगे : मधुसूदन यादव



**राजनांदगांव।** नगरीय निकाय चुनाव के आगाज के बाद भाजपा द्वारा अब चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महापौर प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने वार्डों में मतदाताओं से सघन जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। आज बजरंगपुर-नवागांव में बजरंगबली मंदिर में दर्शन उपरांत उन्होंने अपने प्रचार अभियान का वार्ड नंबर 1 से शुरुआत किया एवं वहां उपस्थित पार्षद प्रत्याशी खेमलाल साहू के साथ उन्होंने मतदाताओं से घर-घर संपर्क करते हुवे बड़ी विनम्रता के साथ भाजपा के कमल निशान पर 11 फरवरी को वोट देने का आह्वान किया। तत्पश्चात मधुसूदन यादव वार्ड नंबर 2 में पार्षद प्रत्याशी सावन वर्मा के साथ मतदाताओं से रूबरू हुए और स्थानीय समस्याओं की जानकारी भी प्राप्त की। तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 3 पार्षद प्रत्याशी कमलेश बंदे के साथ उन्होंने वार्ड का भ्रमण किया। मतदाताओं से सीधा संपर्क किया और वोट अपील की। देर शाम को मधुसूदन यादव वार्ड क्रमांक 7 और 8 में पार्षद प्रत्याशी तृप्ति पात्रे और मनोहर यादव के साथ रामनगर-मोतीपुर एवं शीतला पारा पहुंचे। मतदाताओं के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि राजनांदगांव की जनता उन्हें सेवा का अवसर प्रदान करेगी और वह अपना पूरा ध्यान मूलभूत समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ शहर संवारने और संवर्धन का कार्य करेंगे। इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में डॉ. रमन सिंह के साथ मिलकर व्यापक कार्य योजना भी बनाई है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज वार्ड क्रमांक 7 और आठ में कुछ वरिष्ठ बुजुर्गों ने मधुसूदन यादव को पीठ थपथपा कर आशीर्वाद दिया और दुआएं भी दी।

## पशु कल्याण पखवाड़ा अन्तर्गत घूमन्तू पशुओं में लगाया गया रेडियम बेल्ट




**मुंगेली ( समय दर्शन )** मुंगेली जिले में 14 जनवरी से 30 जनवरी तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया गया। इस पखवाड़े के दौरान सड़क दुर्घटनाओं से जनहानि और पशुहानि को कम करने के लिए घूमन्तू पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया। इस कार्य में ट्रैफिक थाना मुंगेली और स्थानीय लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। पखवाड़े के अंतर्गत जिले में 06 पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 83 पशुओं का उपचार, 272 कृमिनाशक दवाइयां दी गईं, 395 औषधि विवरण जारी किए गए, 20 बधियाकरण और 09 टीकाकरण किए गए। शिविर में स्वसहायता समूह की महिलाओं को गोबर खाद और गौमूत्र के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही पशु सखियों को सामान्य पशु चिकित्सा जानकारी और पालीथीन बैग के उपयोग को रोकने के लिए जागरूक किया गया।

पखवाड़े के समापन पर 30 जनवरी को विकासखंड मुंगेली के ग्राम खेढ़ा के शासकीय प्राथमिक स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पशु विभाग के उपसंचालक डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने छात्रों को पशु क्रूरता के बारे में जानकारी दी, जिसमें दुधारू पशुओं को आक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाकर दूध निकालना, सवारी ढोने वाले बैल व भैंसों पर अधिक वजन लादना, पशुओं को बंधक रखना, और अन्य क्रूरता के कृत्यों पर चर्चा की। उन्होंने पशु क्रूरता के संबंध में कानूनी सजा के प्रावधानों के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम में पांच प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. डी के सारस्वत ने दुधारू पशुओं के पालन-पोषण, दूध की उपयोगिता और दूध में मौजूद पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. शत्रुहन सिंह ने रैबिज बीमारी के बारे में बताया और कुत्ते के काटने पर मनुष्य और पशु को होने वाले खतरे तथा बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्कूल के प्रधानपाठक और स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जनता की अपेक्षा पर खरा उतारू यही मेरी हमेशा कामना रहेगी - अलका बाघमार

### जनता का प्रेम मेरी जीत का रास्ता खोलेगी - अलका बाघमार



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** दुर्ग शहर भाजपा महापौर प्रत्याशी अल्का बाघमार जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम के तीसरे दिन दुर्ग शहर के वार्ड क्रमांक 12 में मोहन नगर पश्चिम में स्थित संत गजानन मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुई मोहन नगर पूर्व, वार्ड नंबर 13 मोहन नगर ,वार्ड नंबर 25 गायत्री मंदिर ,वार्ड नंबर 26,संतराबाडी वार्ड नंबर 27 पर पचरी पारा वार्ड में पहुंचकर संपन्न हुई 7 आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान आम जनमानस में खासकर महिलाओं, बुजुर्ग ,वरिष्ठ नागरिक और युवाओं ने स्व स्फुर्त बढ़कर अपने भावी महापौर का स्वागत अभिनंदन कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी दुर्ग महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश के सुशासन सरकार के नेतृत्व करता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनहित करी योजनाओं को जन-जन के बीच लेकर जा रहे हैं साथ कांग्रेस के पूर्ववर्ती शहर सरकार के द्वारा निकाय में भ्रष्टाचार और विकास कार्य के अनदेखी का भी मुद्दा आम जनता के बीच उठा रहे हैं दुर्ग शहर निकाय के कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्य में भ्रष्टाचार के नए इतिहास को अंजाम दिया खासकर तो भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों से भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया गया श्री भगवान ने आगे कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा के डबल इंजन की सरकार तेजी के साथ विकास कार्य कर रही है मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुशासन की प्रदेश में प्रचंड लहर चल रही है मुझे पूरा विश्वास है कि दुर्ग शहर की जनता मुझे और मेरे साथ वार्डों के प्रत्याशियों को अपना मत रूपी शुभ आशीष देकर आवश्यक जीतकर आएगी आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में कांतिलाल बोथरा अजय तिवारी आशीष निमजे राजेश ताम्रकार सुरेंद्र बजाज मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान गायत्री वर्मा जय श्री राजपूत बनी सोनी रीता मेश्राम नीतू श्रीवास्तव वीरेंद्र तन्ना जितेंद्र सिंह राजपूत रजनीश श्रीवास्तव पार्षद प्रत्याशी कुणाल मेश्राम श्रद्धा सोनी चंद्रभान मंघनानी बलिराम यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे

## 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का हुआ सफल समापन




**मुंगेली ( समय दर्शन )** 31 दिनों तक चले इस कार्यक्रम में यातायात शाखा, मुंगेली पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों में नुक्कड़-नाटक, संगीत, प्रोजेक्टर, बैनर-पोस्टर के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों की दी गयी जानकारी।

जिले के हर गली-मोहल्ले में घूम-घूमकर जागरूकता रथ ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने किया प्रेरित।

बिना हेलमेट, सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 334 प्रकरणों में 1,09,000 रूपये समन शुल्क का किया गया वसूली।लर्निंग लाइसेंस एवं बीमा कराने चलाये गये शिविर में 104 नागरिक हुए लाभांवित

जिला मुंगेली में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का सफल आयोजन संपन्न किया गया, जिला कलेक्टर राहुल देव (भा.प्र.से.) एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) द्वारा यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया था शुभारंभ। मुंगेली पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 01.01.2025 से दिनांक 31.01.2025 तक चलाया गया अभियान। जिला स्तर पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर बैनर, पोस्टर, पाम्पलेट एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम संगीत, नाटक एवं अन्य कार्यक्रम के आयोजन कर लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने एवं वाहन को निर्धारित गति पर सुरक्षित चलाने हेतु आम जनता को जागरूक किया गया है। जिला मुख्यालय मुंगेली शहर के अलावा लोरमी, पथरिया एवं अन्य शहर व कस्बों के चौक-चौराहों, साप्ताहिक हाट-बाजार, स्कूल, कॉलेज इत्यादि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर यातायात से संबंधित कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात संबंधी विडियो, फोटो दिखायी गयी, नुक्कड-नाटक कलाकारों ने नाटक प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ऑटो, बस, चालकों का निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। एस.एन.जी. कॉलेज कैम्पस में लर्निंग लाईसेंस व बीमा कराने शिविर लगाया गया जिसमें लोगों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दिखायी।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला मुख्यालय मुंगेली स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम में स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात नियमों के संबंध में रंगोली, चित्रकलॉ, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। पुलिस एवं परिवहन विभाग के सहयोग से लर्निंग लाइसेंस बनवाने एवं बीमा कराने शिविर आयोजन किया गया जिसमें 104 लोग लाभांवित हुये एवं 100 से बस, ऑटो, टैक्सी एवं अन्य वाहन चालकों का निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराया गया। यातायात जागरूकता कार्यक्रमों के संबंध में आम लोगों से फीडबैक लिया गया, जिन्होंने सड़क सुरक्षा माह के संबंध में विभिन्न स्त्रोंतो मिले यातायात संबंधी जानकारी को पुलिस यातायात, परिवहन, स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन का सराहनीय पहल बताये।

श्वश्वश्व इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट और एजुकेशन पर विशेष फोकस करते हुए विभिन्न सड़क दुर्घटनाजन्य क्षेत्र सरगांव थाना क्षेत्रान्तर्गत मनियारी चौक सल्फा, नगर पंचायत चौक सरगांव पथरिया मोड सरगांव, कंट्रोल रूम रेस्ट एरिया मोहभट्ठा, नारायणपुर-बैतलपुर ओव्हरब्रिज थाना पथरिया क्षेत्रांतर्गत पथरिया कॉलेज के सामने जुनवारी मोड, सिटी कोतवाली मुंगेली गीधा नहर के पास, रायपुर रोड किरण फ्यूल्स, पथरिया मोड, जरहागांव क्षेत्र पथरिया मोड जरहागांव, नुक्क्ड़ ढाबा धरमपुरा के पास, लालपुर क्षेत्र बंधवा पुल के पास, लोरमी क्षेत्र सारधा नहर एवं झाफल नहर पास एवं थाना चिल्फी क्षेत्रांतर्गत हरदी मोड पास ग्राम खेकतरा में सुधार कार्य कराया जाना है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह समापन समारोह कार्यक्रम में मुंगेली कलेक्टर राहुल देव (भा.प्र.से.) एवं पुलिस अधीक्षक मुंगेली भोजराम पटेल (भा.पु.से.), जिला पंचायत सी.ई.ओ. प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक अमित गुप्ता एवं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात शाखा, के अधिकारी/कर्मचारियों एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे

सार समाचार

## सीएम हाउस से फोन कर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द कराया गया : दीपक बैज

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास से फोन कर धमतरी महापौर पद के कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द कराया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के दौरान दीपक बैज ने कहा, 30 जनवरी को जिस विचारधारा ने महात्मा गांधी की हत्या की थी, वही विचारधारा एक बार फिर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भाजपा कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि धमतरी के कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कांग्रेस प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द कर दिया। विजय गोलछा नगर निगम धमतरी के पंजीकृत ठेकेदार नहीं हैं, बल्कि क्कुष्ठ के पंजीकृत ठेकेदार हैं और उन्होंने एक साल पहले ही अपना कार्य पूरा कर लिया था, जिसकी एनओसी भी निगम से मिल चुकी थी। इसके बावजूद, मुख्यमंत्री निवास से धमतरी कलेक्टर को फोन कर नामांकन खारिज करने का निर्देश दिया गया। कांग्रेस ने इस फैसले को अवैधानिक बताते हुए मांग की कि 29 जनवरी की रात धमतरी कलेक्टर के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल सार्वजनिक किया जाए, जिससे यह साफ हो जाएगा कि मुख्यमंत्री निवास से फोन किया गया था या नहीं। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से धमतरी कलेक्टर को तत्काल हटाने की मांग की है। दीपक बैज ने कहा कि केवल धमतरी ही नहीं, बल्कि दंतेवाड़ा, कोरबा, बिलासपुर और दुर्ग में भी कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन सरकार के दबाव में निरस्त किए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराना चाहती थी। पहले अध्यादेश लाकर चुनाव टालने की कोशिश की गई, फिर छह महीने तक चुनाव टालने के लिए विधेयक लाया गया, और अब चुनाव घोषित होने के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोका जा रहा है। बिलासपुर में भाजपा की महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी को लेकर भी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाए। बैज ने कहा कि पूजा विधानी का असली नाम एल. पद्मजा है और वह तेलुगु समाज से हैं, लेकिन उन्होंने खुद को उड़िया समाज का बताकर ओबीसी वर्ग का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन भाजपा नेताओं के दबाव में बिलासपुर कलेक्टर ने इसे खारिज कर दिया। दीपक बैज ने कहा, सरकार कितना भी षड्यंत्र कर ले, कांग्रेस पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी। हमें जनता पर भरोसा है, और भाजपा के अलोकतांत्रिक फैसलों का जवाब जनता मतदान में देगी।

**बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न आवश्यकताओं एवं भावी योजनाओं के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए।**

# स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने शव परीक्षण गृह निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने दिया निर्देश



**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के बोर्ड रूम में चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य सचिव ने विभिन्न आवश्यकताओं एवं भावी योजनाओं के लिए मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए। बैठक के पश्चात् उन्होंने अम्बेडकर अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग, किचन, कैंसर विभाग, प्रस्तावित एकीकृत 700 बिस्तर अस्पताल स्थल एवं नव निर्माणाधीन मॉर्चुअरी गृह का निरीक्षण किया। बैठक में उनके साथ आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, सीजीएमएससी की संचालक पद्मिनी भोई, चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त चिकित्सा शिक्षा ने अस्पताल में उपचाररत मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए अस्पताल परिसर में परिजन आवास बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन बांटने की इच्छुक संस्थाओं के लिए परिसर में चिन्हित स्थान पर प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने को कहा है। बैठक में स्वास्थ्य सचिव कटारिया ने चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के उन्नयन के लिए वर्तमान में चल रहे एवं प्रस्तावित निर्माण कार्यों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने चिकित्सा महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देकर विभागीय बजट एवं आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विभिन्न विभागों में उपलब्ध सुविधाएं एवं आवश्यकताओं के बारे में स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन विभाग से प्राप्त शासकीय जमीन में रेसीडेंट क्वार्टर एवं छात्रावास निर्माण कार्य, चिकित्सा महाविद्यालय के 1500 सीटेड ऑडिटोरियम भवन के बाहरी भाग का सौंदर्यीकरण एवं चिकित्सालय विस्तार कार्य के अंतर्गत जी प्लस टू से जी प्लस सेवन कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्व में ही प्रस्तावित है जो लोक निर्माण विभाग के सिविल वर्क के अंतर्गत प्रारंभ होना है।

## दस किलोग्राम गांजा के साथ मेरठ का अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर की गंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के नमस्ते चौक पास से एक आरोपी को पकड़ कर उसके पास से 10 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही अवैध प्रतिबंधित मादक पदार्थो सहित प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप तथा सूखे नशे के तस्करी, खरीदी-बिक्री, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम रायपुर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय दजप छंतबवजपबे जें थ्वतबम टीम का गठन किया गया है। जिसमें उक्त टीम को म्दक जव म्दक एवं फाइनेंशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित स्त्रोत के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उनके विरूद्ध विधिसंगत विधिवत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 29.01.25 को एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत नमस्ते चौक पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अंकित जाटव निवासी मेरठ (उ.प्र.) का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

# कांग्रेस में परिवारवाद और पैसे का जोर, प्रत्याशियों के खिलाफ भारी रोष : श्यामबिहारी जायसवाल



**रायपुर( समय दर्शन )।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबर्दस्त असंतोष, नेतृत्व में ऊहापोह और परिवारवाद के चलते हो रही बगावत पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि कांग्रेस में केवल परिवारवाद और पैसा चल रहा है। कांग्रेस के वर्तमान महापौर प्रत्याशियों के खिलाफ भारी रोष देखने को मिल रहा है। जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद इस कदर हावी हो गया है कि राजधानी में पहले महापौर व सभापति प्रमोद दुबे रहे और अब उनकी पत्नी दीप्ति दुबे को महापौर प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्व में किरणमयी नायक महापौर रहीं और अब उनके देवर प्रमोद नायक को बिलासपुर से टिकट दी गई है। निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर और उनकी पत्नी को अलग-अलग वार्ड से उम्मीदवार बनाया गया है। पहले चिरमिरी से पूर्व विधायक विनय जायसवाल की पत्नी कंचन जायसवाल महापौर थीं और अब विनय जायसवाल महापौर पद के उम्मीदवार हैं। मंत्री जायसवाल ने चिरमिरी में महापौर पद के लिए घोषित कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर मचे घमासान, असंतोष और बगावत की खबरों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि यह केवल चिरमिरी ही नहीं, अपितु पूरे प्रदेश में यही स्थिति है जिसके मायने आईने की तरह साफ नजर आ रहे हैं कि कांग्रेस की हालत राजनीतिक तौर पर दयनीय हो चली है और कांग्रेस अपने ही बोझ से दबी जा रही है। जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी से महापौर प्रत्याशी बनाए गए विनय जायसवाल वही पूर्व विधायक हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों के सामने आने के बाद अपनी ही पार्टी के केंद्रीय नेता चंदन यादव को 7 लाख रुपए देने का खुलासा किया था और अपनी पार्टी पर टिकटों की खरीदी बिक्री का आरोप लगाया था। इस खुलासे के बाद जायसवाल निष्कासित कर दिए गए थे। जायसवाल ने कहा कि अब विनय जायसवाल को बताना चाहिए कि उनका निष्कासन कितने रुपए में रद्द हुआ और उन्हें टिकट कितने रुपए में मिली है? जायसवाल ने कहा कि विनय जायसवाल पिछली कांग्रेस सरकार में विधायक रहते पूरी तरह से नाकाम साबित हुए, इसीलिए उन्हें विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दी गई थी और अब उन्हें बड़ी रकम देकर महापौर की टिकट दे दी गई है।

# सांसद बृजमोहन ने किया भाजपा चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ



**रायपुर( समय दर्शन )।** विधानसभा-लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद, अब नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत पक्की करने के लिए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को राजधानी के विभिन्न वार्डों में भाजपा चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ किया। सांसद अग्रवाल ने अरविंद दीक्षित (वार्ड नंबर 56), भगवती चरण शुक्ल (वार्ड नंबर 57), पंकज विक्रम (वार्ड नंबर 58), मोरेश्वरराव गद्रे (वार्ड नंबर 59) के चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत की शुभकामनाएं दीं। क्रमक्रम में विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी समेत पार्टी प्रत्याशी श्रीमती अंजली जितेंद्र गोलछा, सचिन मेघानी, श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, अमर गिदवानी भी उपस्थित रहे। सांसद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है, और आने वाले नगर निगम चुनाव में भी भाजपा विजयी होकर रायपुर के सर्वांगीण विकास को गति देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुँचाना हमारा संकल्प है।

## सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी ने किया सुसाइड का प्रयास

**रायपुर( समय दर्शन )।** रायपुर सेन्ट्रल जेल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमें एक कैदी ने जेल के अंदर आत्महत्या करने की कोशिश की है। जेल के भीतर ही कैदी ने अपना गला काट लिया है। जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल करने के लिए लेजाया गया है। राजधानी के सेंट्रल जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पैट्रिक के रूप में हुई है, जो अफ्रीकी मूल का नागरिक था और वर्ष 2021 से ड्रग्स सप्लाई के मामले में जेल में बंद था। जेल बैरक में कैदी द्वारा आत्महत्या की घटना के बाद जेल प्रशासन एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही की जा रही है। कैदी की आत्महत्या के पीछे क्या कारण थे और जेल प्रशासन की इसमें क्या भूमिका रही, इन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद जेल प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

**नई दिल्ली में व्यस्त समय के दौरान वाहनों की धीमी गति के कारण आईटीओ के पास भारी यातायात जाम.**



## दो अलग-अलग जगहों से चाकू लहरा रहे दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी रायपुर की खमतराई थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में भनपुरी टिम्बर मार्केट व खमतराई ओव्हरब्रीज के पास चाकू लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से धारदार चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 30.01.2025 को थाना खमतराई को सूचना मिली कि टिम्बर मार्केट पार्किंग के पास भनपुरी में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार चाकू लेकर लहराते हुये आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर घटना स्थल में जाकर घेराबंदी कर आरोपी केशव वर्मा पिता बलदाऊ वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 3 मुक्तिधाम के पीछे साहू पारा धरसींवा थाना धरसीवा को पकड़ कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी केशव वर्मा के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25, आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। वहीं एक अन्य मामले में खमतराई पुलिस ने खमतराई ओवर ब्रिज के नीचे में से धारदार चाकू लेकर लहराते हुये आरोपी अमित विश्वकर्मा पिता राजेश विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी गणेश नगर कुरा वार्ड क्रमांक 11 थाना धरसीवा रायपुर को पकड़ कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त किया है। मामले में आरोपी अमित विश्वकर्मा के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कारवाही किया गया है।

# निकाय चुनाव को लेकर डिप्टी सीएम के साथ मंत्री ओपी-केदार ने बनाई रणनीति



**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने निवास में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्री ओपी चौधरी व केदार कश्यप के साथ बैठक की. लगभग 1 घंटे तक चली बैठक में निकाय चुनाव में नामांकनों की जांच के बाद बनी स्थिति को देखते हुए आगे की रणनीति बनाई गई. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा में कहा कि नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई है. वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रायपुर प्रदेश की राजधानी है, और यहां कैसे कांग्रेस प्रत्याशी होने चाहिए, जनता उन्हें जाने तो वह कौन है, अब तक क्या किया और आगे क्या करेंगे. एक राजनैतिक कार्यकर्ता मैदान में उतरे.वहीं रायपुर में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि इन लोगों के चलते कानून-व्यवस्था बिगड़ रहा है. ये आम लोगों के लिए खतरा है. इन अवैध लोगों की कोई आइडेंटिटी नहीं है. ये कहां से, कौन हैं, इन सब बातों पर प्रशासन ने गंभीरता बरती है. जो भी अवैध रूप से रह रहे होंगे, उन पर निश्चित ही कार्रवाई होनी चाहिए. मुद्दे पर हिंदू-मुस्लिम के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस का रटा-रटाया आरोप है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या के खिलाफ लंबे समय से कार्रवाई चल रही है. हर चीज को चुनाव से जोड़कर देखना कांग्रेस की आदत हो गई है, जबकि ये कानून व्यवस्था, राज्य और आम लोगों की सुरक्षा का मामला है. प्रशासन बांग्लादेशी और रोहिंग्या पर कार्रवाई कर रही है. यहां अवैध तरीके से रह रहे होंगे तो निश्चित ही कानून सम्मत कार्रवाई होगी. झूठे वादे के सवाल पर पलटवार करते हुए अरुण साव ने कहा कि राहुल गांधी की झूठी बातों और वादों का प्रमाण छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता ने बार-बार दिया है. उन्होंने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव में झूठा वादा किया था, उसे पूरे देश ने देखा है. वास्तविता यह है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में विश्वनीयता है. वहीं कांग्रेस तो समाप्ति को ओर जा रही है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : होंडा मोटरसाइकल ने बच्चोंर को जागरूक करने के लिये सड़क सुरक्षा पर शिक्षा दी

**रायपुरः** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूचटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सड़क के माहौल को ज्याकदा सुरक्षित बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है। इस कड़ी में कंपनी ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा पर केन्द्रित एक रोचक ''किड्स कार्निवल'' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बच्चोंष को यातायात सुरक्षा की आवश्यएक जानकारी देने के लिए किया गया था। यह 2050 तक यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को शून्यय करने के लिये होंडा के वैश्विक दृष्टिकोण से बखूबी मेल खाता है। एचएमएसआई ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। कंपनी ने यह काम 2030 तक सड़क पर होने वाली मौतों को आधा करने के लिये भारत सरकार के लक्ष्यक की दिशा में किया है। किड्स कार्निवल का आयोजन भारत में एचएमएसआई के सभी चार संयंत्रों में हुआ- तापुकारा (राजस्था न), विठलापुर (गुजरात), नारसापुरा (कर्नाटक) और आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा में कंपनी की ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में इसका समापन हुआ। इसमें बच्चों के लिये संवादपरक एवं मजेदार गतिविधियाँ आयोजित की गई थीं, जो उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व पर शिक्षित करने के लिये थीं। यातायात के नियमों और सड़क के संकेतों से लेकर सड़कों पर जिम्मेहदारी से व्यहवहार करने के महत्वन तक, बच्चोंं को बड़े दिलचस्पक तरीके से यह अनिवार्य सबक सिखाये गये। किड्स कार्निवल गतिविधि में सरकारी तथा प्राथमिक स्कू लों के 1100 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुए।

## संपादकीय

### जातीय जनगणना की मांग

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को दोहराते हुए कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने के बाद किसी भी कीमत जातीय जनगणना करवा कर रहेगी। पटना में %संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इस बाबत उन्होंने संसद में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में स्पष्ट कहा है कि संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी नहीं करने दी जा सकती। राहुल आरोप लगा चुके हैं कि भाजपा और आरएसएस यह कृत्य कर रहे हैं। यह भी आरोप लगा चुके हैं कि संघ प्रमुख मोहन भागवत का %सच्ची आजादी' वाला बयान %देश के संविधान के खिलाफ है'। बेशक, आर्थिक प्रगति में समाज के हर हिस्से की भागीदारी होना जरूरी है। इसी से समावेशी समाज की परिकल्पना मूर्ताकार हो सकती है, लेकिन हकीकत यह है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रगति में हिस्सेदार नहीं बन सका है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने भी इस तरफ ध्यान दिलाया है। %दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिए पर रह रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसद हैं, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं..यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं' यह ध्यान दिलाते हुए राहुल ने बिहार में की गई जाति आधारित गणना को %फर्जी' करार दिया। कहा कि यह %लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है।' ऐसा है तो राहुल को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार शासित राज्य में भी जाति आधारित जनगणना कराई जानी चाहिए। बिहार में जातीय गणना की गई थी न कि जातीय जनगणना, लेकिन इस तकनीकी पचड़े में न भी पड़ें तो इतना तो साफ है कि जातियों और समुदायों की वास्तविक संख्या का आंकड़ा न होने पर उनके लिए कल्याणकारी कार्यक्रम और योजनाओं का क्रियान्वयन बेमानी रहता है, और ऐसा होता भी रहा है। शायद यह भी कारण रहा देश की संपत्ति में इन जातीय समूहों की हिस्सेदारी का आकलन आज भी हमारे पास नहीं है। कहना न होगा कि जातीय गणना या जातीय जनगणना–भले ही जो भी कहें–से ही हमें उन समूहों की सटीक संख्या मिल सकेगी जिन्हें लक्षित करके योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा सकेंगी। समावेशी विकास तभी सुनिश्चित हो सकेगा।

## दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू

**ऋतुपर्ण दवे**

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा। दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल, कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी, लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। इस बीच काफी कुछ बदला। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला, लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रैल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आंदोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नये हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षो से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आंदोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने, मगर आप और कांग्रेस की नहीं निभी। 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नये सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं। बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती।

# प्रयागराज महाकुंभ के हृदयविदारक हादसे के लिए जिम्मेदार कौन?

**कमलेश पांडे**

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या ब्रह्ममुहूर्त स्नान से ठीक पहले संगम नोज पर जुटी बेकाबू भीड़ की आपाधापी से जो भगदड़ मची और हृदय विदारक घटना घटी, उससे सनातन धर्म पुन: कलंकित हुआ है। इस अप्रत्याशित हादसे से एक बार फिर हमारा 'धर्म अनुशासन' सवालों के घेरे में आ चुका है। साथ ही साथ भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक तैयारियां भी, जिसको लेकर लाख प्रशासनिक दावे होते रहे हैं, जबकि एकाध घटनाएं ही उसकी तैयारियों की पूरी पोल खोल देती हैं।

इसलिए सुलगता सवाल है कि प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन की विफलता से हुए हृदयविदारक हादसे के लिए जवाबदेह कौन है? जिम्मेदार कौन है? आखिर ब्रेक के बाद जहां-तहां होते रहने वाली ऐसी रूह कंपा देने वाली घटनाओं को रोकने में हमारा प्रशासन अबतक नाकाम क्यों है और वह कबतक सक्षम हो पाएगा? या फिर कभी नहीं हो पाएगा, क्योंकि ऐसे मामलों में उसका ट्रैक रिकॉर्ड हमेशा खराब प्रतीत हुआ है। फिलवक्त योगी सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच करवाने के आदेश दे दिए हैं, ताकि यह पता चल सके कि इतनी बड़ी प्रशासनिक चूक कैसे हुई और उसके लिए कौन-कौन लोग जिम्मेदार है? क्योंकि इतने महत्वपूर्ण वैश्विक आयोजन में पहले हुई अग्निकांड की घटनाएं और फिर अनियंत्रित भीड़ से मची भगदड़ के चलते वहां की पूरी प्रशासनिक तैयारी भी एक बार पुन: सवालों के घेरे में आ चुकी है। कहना न होगा कि वहां जो कुछ भी हुआ, वह भीड़ प्रबंधन सम्बन्धी प्रशासनिक विवेक के अकाल का परिचायक तो है ही, साथ ही साथ उसके त्वरित निर्णय लेने की क्षमता की अक्षमता को भी उजागर कर चुका है। जबकि वहां सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और हेलीकॉप्टर तक से निगहबानी हो रही है, ताकि त्वरित निर्णय लेते हुए स्थिति पर काबू पाया जा सके। वहीं, सवाल यह भी है कि इस हादसे के बाद आवागमन व वीआईपी व्यवस्था सम्बन्धी जो नीतिगत बदलाव किए गए, वह पहले ही क्यों नहीं किए गए? चूंकि महाकुंभ सम्बन्धी तैयारियां महीनों पहले से चल रही थीं और करोड़ों लोगों के जुटने के पूर्वानुमान भी लगाए जा चुके थे। फिर भी वहां हुई प्रशासनिक तैयारी तो नाकाफी लगी ही, साथ ही साथ श्रद्धालुओं के लिए कष्ट प्रदायक भी महसूस हुई। क्योंकि उनमें बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांग लोगों की सहूलियत का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। इसलिए हताहतों व घायलों की सूची में उनकी संख्या ज्यादा है।

स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, इस घटना में जहां लगभग 30 श्रद्धालुओं को 'अमरत्व' यानी देवलोक प्राप्त हो गया, वहीं लगभग 100 लोग कुचल जाने के कारण घायल हो गए, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं, मृतकों के शवों को पाने में भी परिजनों को काफी तकलीफें उठानी पड़ी हैं। जबकि इस भगदड़ में बिछुड़े हुए परिजनों की जो व्यथा-कथा दिखाई सुनाई पड़ी, वह भी विचलित करने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दु:खद घटना ने जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हृदय को द्रवित कर दिया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भावुक नजर आए। हालांकि, योगी सरकार ने पीड़ितों के दु:खों को कम करने के लिए कतिपय राहत उपाय भी घोषित किये हैं, जिसके मुताबिक मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे और



घायलों को समुचित इलाज प्रदान किया जाएगा। इससे पीड़ित परिवारों को कुछ राहत भी मिली है।

हालांकि, इस पूरे महाआयोजन की रिपोर्टिंग करने वहां पहुंचे पत्रकारों ने भी यदि श्रद्धालुओं की आवागमन सम्बन्धी बैरिकेटिंग, संगम नोज पर ठहरने और स्नान स्थल की कमी तथा रहन-सहन सम्बन्धी कमियों को पहले ही उजागर कर दिया होता तो प्रशासन को भी संभलने का मौका मिल जाता। लेकिन इस विषय को नजरअंदाज करना लोगों पर भारी पड़ गया। इस नजरिए से प्रशासनिक खुफिया तंत्र को भी आप विफल मान सकते हैं।

जानकारों के मुताबिक, वहां मौजूद गड़बड़ी लगभग सबने जरूर देखी-सुनी होगी, लेकिन किसी ने भी उन कमियों को गंभीरता से नहीं लिया। क्योंकि यदि समय पर वहां व्याप्त अव्यवस्था की रिपोर्टिंग हुई होती तो महाकुंभ हादसे की इतनी बड़ी हृदयविदारक घटना नहीं घटती। चश्मदीद लोगों के मुताबिक, वहां समय पर कोई भी काम पूरा नहीं किया गया था। यहां तक कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी और काम जल्द पूरा करने का आदेश दिया था। लेकिन अपने देश के प्रशासन की जो गैरजिम्मेदार और उत्तरदायित्व विहीन शैली रही है, उससे महाकुंभ की तैयारियां भी अछूती नहीं बचीं।

लिहाजा, इस अप्रत्याशित घटना से पूरे विश्व में भारत को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है, जबकि इस वृहत आयोजन की प्रारंभिक सफलता को लेकर उसकी तारीफों के पुल बांधे जा रहे थे। लोगों के मुताबिक, जो कमियां पहले बताई जानी चाहिए थी, वह नहीं बताई गईं। जैसे-

पहला, जब से महाकुम्भ की शुरुआत हुई तबसे श्रद्धालुओं को 10-15 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा था, जिससे बच्चे, बुजुर्गों और महिलाओं की परेशानी देखते ही बनती थी। इतना दूर चलने के दौरान उन पर गर्म कपड़ों व अन्य जरूरी सामानों का बोझ भी होता था।

दूसरा, वीआईपी विजिट के चक्कर में अधिकतर पूल और मार्ग बंद रखे जाते थे, जिससे आमलोगों को आवागमन में काफी तकलीफें हो रही थीं।

तीसरा, आमलोगों के लिए टॉयलेट, पीने योग्य पानी, जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उचित संख्या में उपलब्ध नहीं है।

चतुर्थ, स्थानीय रेलवे जंक्शन, बस स्टैंड से मेला क्षेत्र में जाने के लिए भीषण ट्रैफिक और व्याप्त अव्यवस्था से भी आमलोगों को काफी परेशानी होती है। पंचम, वहां आम लोगों के लिए ठहरने की कोई माकूल व्यवस्था नहीं की गई है, और जो कुछ व्यवस्थाएं वहां की गई हैं, वो काफी महंगी हैं। जबकि सस्ते होटल या सस्ती व्यवस्था काफी दूर है। जबकि लोग-बाग एक रात संगम घाट पर किसी तरह से बिताना चाहते हैं। इन बातों के मद्देनजर यह समझा जा सकता है कि प्रयागराज महाकुंभ हादसा एक अनहोनी थी, जो घट गई। इस दौरान वहां जो कुछ भी हुआ वह अत्यंत ही दुखद है। क्योंकि प्रयागराज कुंभ में भगदड़ मचने की वजह से असमय ही कुछ लोग काल-कवलित हो गए, जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। लेकिन महाकुंभ जैसे अपार जनभागीदारी वाले आयोजन को जिस सुव्यवस्थित तरीके से अब तक आयोजित किया गया, उसे किसी अनहोनी से कमतर नहीं करार दिया जा सकता। क्योंकि पहले अगलगी और फिर भगदड़ के मामले को स्थानीय प्रशासन ने जिस तीव्रता से नियंत्रित कर स्थिति को सामान्य बनाया, वह काबिलेगौर है और काबिलेतारीफ भी। महाकुंभ यात्रा संपादित कर चुके लोगों ने बताया कि हमलोग दूरदराज से सपरिवार महाकुंभ गए, ट्रेन-बस-कार आदि से गए, वहां ठहरे और स्नान संपन्न कर लौट आए। वे सभी लोग उत्साह से परिपूर्ण थे, क्योंकि करोड़ों लोगों की आवाजाही के बावजूद कुम्भ नगरी की सफाई व अन्य व्यवस्था चकित करती थी। उनके लिए सबसे उल्लेखनीय प्रशासन व पुलिस का सहयोग था, जो किसी भी छोटे-बड़े सहयोग के लिए तत्पर दिखते थे। यूँ तो इतने बड़े आयोजन में, दुनिया भर में अनेक ऐसे उदाहरण हैं जहाँ अनियंत्रित या अज्ञात भय से अव्यवस्था मची। लगभग उसी तरह से यहाँ भी भगदड़ मचने की वजह से कुछ लोगों की मौत हुई, जिसे प्रशासनिक चूक या अनहोनी दोनों के अंतर्गत रखा जा सकता है, यह जांच का विषय है।

बावजूद इसके, इस महाकुंभ में घटित आपदा में राजनीतिक या सामाजिक अवसर न खोजे जाएं। क्योंकि यह कुछ असामाजिक तत्वों का षड्यंत्र भी हो सकता है। इस नजरिए से कुछ मीडिया रिपोर्ट्स भी आई है और जांच भी हो रही है। यदि ऐसा कुछ हुआ है तो वह मानव सभ्यता के लिए शर्मिंदगी भरा कदम है। कुछ लोगों की नजर में यदि प्रयागराज महाकुंभ में खामियां ही खामियां हैं तो फिर सवाल यह भी है कि अब तक उनके अनुसार लाख असुविधा के बावजूद भक्ति, श्रद्धा और पुण्य की त्रिवेणी में करोडों श्रद्धालुओं ने कैसे डुबकी लगाई? क्योंकि श्रद्धालु तो अपने कष्टों की कभी शिकायत नहीं करते। जबकि, कुछ शिकायत सदैव पर्यटकों को ही होती है। देखा जाए तो परेशानी तो घर से निकलते ही शुरू हो जाती है, परंतु वैसी परेशानियों को यदि हम लेकर चले तो जीना मुश्किल हो जाएगा। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक, संगम तट पर जिस नोज की ओर जाने की मनाही थी, उसी ओर भीड़ बढ़ी। हालांकि वहां बैरिकेटिंग भी पर्याप्त था। फिर भी जिस तरफ स्नानार्थी सोये हुए थे, उसी दिशा में भीड़ बढ़ी और बैरिकेटिंग टूटने की वजह से भीड़ भरभराती हुई सोये हुए स्नानार्थियों पर ही गिर पड़ी और उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गई। लिहाजा यह कहा जा सकता है कि इस प्रकार की परिस्थितियों को पर्याप्त जागरुकता व सतर्कता से ही बचाया जा सकता है। इसके साथ यह भी कहा जा सकता है कि मीडिया को भी सकारात्मक या नकारात्मक दोनों ही स्थितियों में अतिवादी रिपोर्टिंग से बचना चाहिए। क्योंकि इस तरह के विशाल आयोजन में इस प्रकार की अनहोनी घटनाएं होने की संभावनायें हमेशा से बनी रहती हैं। जबकि सकारात्मक नजरिए से यह भी कहा जा सकता है कि प्रशासनिक राहत व बचाव दल त्वरित गति से सक्रिय हुआ और उपलब्ध हुआ। एम्बुलेंस की सक्रियता देखते ही बनी। प्रशासनिक सहानुभूति भी सराहनीय दिखी। जानकारों के मुताबिक, भारत जैसे देश में एक बार जब किसी जगह पर भीड़ जमा होती है और उसमें धर्म का तड़का लग जाता है, तब वहां अव्यवस्था जरूर मचती है। हालांकि, महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद अब स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई है। पवित्र संगम तट पर हुई इस भगदड़ की घटना के बाद सुरक्षा और भवि?य में ऐसी घटनाओं को रोके जाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिसके तहत पूरे मेला स्थल को नो-व?हीकल जोन घोषित कर दिया है। इसके अलावा, अब किसी भी वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही कई बड़े बदलाव किए गए हैं। सभी वीवीआईपी पास 4 फरवरी तक रद्द कर दिए हैं। यह फैसला मौनी अमावस्या से पूर्व रात्रि में हुई भगदड़ के कारण लिया गया है। इतना ही नहीं, तमाम रास्तों को भी वन वे कर दिया गया है। कहने का तातपर्य यह कि अब श्रद्धालु एक ही रास्ते से आएंगे और दूसरे रास्ते से ही बाहर जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे मेला क्षेत्र को नो-व?हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। लिहाजा, आगामी 4 फरवरी 2025 तक सभी श्रद्धालुओं को पैदल ही चलकर गंगा तट और संगम क्षेत्र तक जाना होगा। वहीं, आसपास के जिलों से आने वाली बसों को रद्द कर दिया गया है। बताया गया है कि मेला प्रशासन के आदेश के बाद इन बसों चलाया जा सकता है। मेले में ड्रोन के साथ ही हेलिकॉप्?टर से निगरानी की जा रही है। इसमें संगम के साथ पूरे मेला परिसर पर नजर रखी गई है। इसमें कैमरे से लोगों को देखा जा रहा है और लाउड स?पीकर के जरिए दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं को अफवाहों से बचने को कहा गया है। खास बात यह है कि वीवीआईपी पास और वाहन पास की एंट्री पास सब कैंसिल कर दिए गए हैं। समझा जाता है कि आगामी 4 फरवरी के बाद नए आदेश जारी हो सकते हैं। वहीं, शहर के अंदर भी एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और नगर निगम के वाहन चल सकेंगे। जबकि क्राउड मैनेजमेंट के लिए अतिरिक्त अफसरों की तैनाती कर दी गई है। जहां-जहां श्रद्धालुओं की भीड़ ज?यादा होगी, वहां से उनकी सुरक्षित निकासी कराई जा रही है। वहीं, बसों और ट्रेनों के माध?यम से श्रद्धालुओं को वापस भेजा जाएगा। इस नजरिए से 360 स?पेशल ट्रेनों को तमाम स?टेशनों से चलाया जा रहा है। बता दें कि 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में अब तक तकरीबन 19 करोड़ श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यह महाकुंभ 144 सालों में विशेष रूप से महत्व रखता है, और मौनी अमावस्या के दिन इसे लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। वहीं, मची भगदड़ के बाद अब महाकुंभ के इस खास आयोजन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था और ज्यादा कड़ी कर दी है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए हैं।

# महाकुंभ स्नान में भी राजनीति

**अवधेश कुमार**

महाकुंभ में बड़ा-छोटा कोई भी व्यक्ति स्नान करने जाए वह सामान्यत- चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए। यह हमारी सनातन परंपरा में हर व्यक्ति का स्वाभाविक दायित्व है।

किंतु पहले योगी आदित्यनाथ सरकार की पूरी कैबिनेट का एक साथ संगम में स्नान करना अनेक कारणों से चर्चा और विमर्श का विषय बना। उसके बाद जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्नान करने गए तो संपूर्ण मीडिया की दृष्टि उनकी ओर गई। स्नान करती उनकी तस्वीरें और छोटे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई या की गई। मकर संक्रांति को हरिद्वार गंगा में स्नान की उनकी तस्वीरें भी इसी तरह वायरल हुई थी। हालांकि उसमें स्नान से ज्यादा सोशल मीडिया पर उनके शरीर सौष्ठव की ज्यादा चर्चा हुई। जब योगी आदित्यनाथ सहित संपूर्ण मंत्रिमंडल ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई मां गंगा, यमुना और सरस्वती की पूजा की तथा उसके बाद मुख्यमंत्री के साथ दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक साथ पूजा कर रहे थे तब भी वीडियो और तस्वीरें वायरल हुई। उस समय अखिलेश जी ने महाकुंभ पर राजनीति न करने की प्रतिक्रिया दी। यानी उन्होंने यह संदेश दिया कि भाजपा के मंत्री और नेता महाकुंभ पर राजनीति कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। हालांकि उनके स्नान पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सधी प्रतिक्रिया में कहा कि 'देर आयद दुरुस्त आयद', अखिलेश यादव जी महाकुंभ में पवित्र स्नान किया और उम्मीद है कि अब वह आस्था पर चोट नहीं पहुंचाएंगे। अखिलेश जी को भाजपा के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों मंत्रियों और नेताओं के कुंभ स्नान में राजनीति दिखाई दी तो स्वाभाविक है कि उनके स्नान में भी राजनीति देखी जाएगी। हालांकि स्नान के बाद उन्होंने भाजपा को सहनशील होने की सलाह दी तथा 11 डुबकियों के बारे में उनके एक्स हैंडल पर कुछ अच्छी पंक्तियां लिखी हुई थी। उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती को साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाला भी बताया। क्या वाकई अखिलेश जी के स्नान को इन्हीं सद्भाव, सामाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं की परिधि के अंदर मान लिया जाएगा? दरअसल, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने हिन्दुत्व, धार्मिक आस्था, धर्मस्थलों, कर्मकांडों से लेकर इनसे जुड़े विषयों पर जैसी प्रखरता और सुस्पष्टता दिखाई है उसका असर चारों ओर है। महाकुंभ में निहित हिन्दुत्व की व्यापकता, विशालता, सर्व सामूहिकता तथा भारत की महान अध्यात्म , संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं, सामाजिक- पंथीय-एकता के भावों को संपूर्ण विश्व में प्रचारित-प्रसारित करने और दिखाने की रणनीति अपनाई है उनसे राजनीति अप्रभावित रहे ऐसा संभव नहीं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार के संपूर्ण मंत्रिमंडल ने महाकुंभ स्नान और वहीं मंत्रिमंडल का बैठक की। महाकुंभ की पूर्व तैयारी में जैसी सक्रियता मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्रियों तथा अनेक मंत्रियों के दिखाई उसका भी संदेश था और लोगों ने माना कि इस तरह किसी सरकार ने करने की कोशिश नहीं की। अखिलेश जी के कार्यकाल में 2013 में हुए महाकुंभ में मुख्यमंत्री और सरकार की भूमिका से वर्तमान सरकार की व्यवस्थाओं, दोनों के आचरणों आदि की तुलना हो रही है। वैसे तो 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद से हिन्दुत्व, धर्म, भारतीयता आदि के संदर्भ में धीरे-धीरे माहौल बदला है और जिन मुद्दों पर बोलने तक से बचते थे, पूजा-पाठ व कर्मकांड को दिखाने तक में संकोच करते थे वो सब वर्जनायें लगभग ध्वस्त हुई हैं। सौभाग्य भारत की चेतना इन आधारों पर बहुत कुछ निर्धारित करने लगी है जिसमें राजनीति भी है। अखिलेश यादव जी ने जब महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक को गलत बताया तो लोगों की सामान्य प्रतिक्रियाएं उनके विरु द्ध थीं। अगर संपूर्ण भारत के जिलों तक का प्रतिनिधित्व प्रयागराज महाकुंभ में है, उत्तर प्रदेश के कोने-कोने लोग आ रहे हैं, देश और विश्व भर के सनातन धर्म के साधु-संत-संन्यासी, विचारक, संस्कृतिकर्मी, पुजारी वहां प्रवचन, कर्मकांड आदि करते हुए विश्व कल्याण के भाव से साधना कर रहे हों, विचार-विमर्श हो रहा हो तो कैबिनेट की बैठक स्वाभाविक रूप से वही होनी चाहिए। सरकार जनप्रतिनिधि है तो यह अवसर है जनता के मनोभाव के साथ खड़े होने और काम करने की निष्ठा प्रदर्शित करने का। ऐसे सकारात्मक जन भावों के साथ एकता दिखाना भी सरकारों और राजनीति का दायित्व होना चाहिए। आज तक की राजनीति सेक्यूलरलाद की झूठी अवधारणा के कारण इनसे भागती रही है। इसी भाव से अखिलेश जी की नकारात्मक प्रतिक्रिया आई। सच महाकुंभ आरंभ के पहले से ही उनकी और पार्टी की प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं।

विपक्ष के नाते सपा को सरकार की कमियों, महाकुंभ में अगर जनता को समस्याएं व असुविधाएं हैं, नौकरशाही, कर्मचारी, ठेकेदारों के कार्य में कहीं कोताही है तो उन्हें उठाना या मुद्दा बनाना बिल्कुल स्वाभाविक है। विपक्ष के नाते यह उसकी भूमिका भी है। पर विपक्ष की इतनी ही भूमिका नहीं हो सकती। आपकी महाकुंभ में वैसी ही आस्था है जैसी अखिलेश जी ने स्नान करके प्रदर्शित की तो यह पहले से भी कई रूपों में दिखनी चाहिए थी। क्या सपा की कोई भूमिका महाकुंभ में है? कम-से-कम सपा जगह-जगह महाकुंभ में आए लोगों के स्वागत के कुछ बैनर भी लगा देती तो लगता कि वाकई कुंभ के प्रति उसकी आस्था है। 2013 के महाकुंभ को याद करिये, तो आपको भाजपा के बैनर तस्वीरें मिलेंगी। संघ विचार परिवार के अनेक संगठनों ने जगह-जगह सेवा के कैंप लगाए थे। इसलिए भाजपा सरकार कुछ कर रही है तो उसकी अतीत से वर्तमान तक सुसंगति है। आप चाहे कुछ भी करिए, योगी सरकार और भाजपा को अलग से कुछ साबित करने या प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। इस मौलिक अंतर को समझना पड़ेगा। राजनीति इतनी नैतिक और पवित्र हो, सनातन के प्रति स्वाभाविक रूप से आस्थावान होकर राजनीतिक रणनीति बनाएं और काम करें तभी भारत, मानवता और विश्व का वास्तविक मंगल होगा और यह किसी दृष्टि से सेक्यूलर विरोधी नहीं होगा। अभी तक की गलत धारणा और स्वयं को हिन्दू कहने में संकोच, व्यक्तिगत स्तर पर पूजा-पाठ, पर सार्वजनिक स्तर पर इसे दिखाने से परहेज करने का स्वभाव ध्यान रखें तो जो हो रहा है उसे आसानी से समझ सकते हैं।

# माघ गुप्त नवरात्रि को करें मां भगवती की पूजा

हिंदू पंचांग के अनुसार, 30 जनवरी 2025 से माघ गुप्त नवरात्रि शुरू हो रहे हैं। जिसका समापन 7 फरवरी 2025 को होगा। सालभर में कुल चार नवरात्रि आती है। जिसमें 2 गुप्त नवरात्रि और 2 प्रत्यक्ष नवरात्रि शामिल है। प्रत्यक्ष नवरात्रि में देवी भगवती के 9 स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। वहीं, गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की जाती है। मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी,भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी 10 महा देवियां हैं। जिनकी गुप्त नवरात्रि में पूजा की जाती है। नवरात्रि में प्रतिपदा तिथि से व्रत आरंभ करने के साथ शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना का भी विधान है। आइए जानते हैं माघ गुप्त नवरात्रि की सही तिथि, कलश स्थापना मुहूर्त और कलश स्थापित करने के विधि...



## कब से शुरू है गुप्त नवरात्रि?

द्रिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का आरंभ 29 जनवरी 2025 को शाम 06 : 05 मिनट पर होगा और 30 जनवरी 2025 को शाम 04 : 20 बजे समाप्त होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 30 जनवरी 2025 से माघ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। जिसका समापन 7 फरवरी 2025 को होगा।

## पूजा सामग्री लिस्ट

माघ गुप्त नवरात्रि में पूजा के लिए मां दुर्गा की फोटो, लाल चुनरी, श्रृंगार सामग्री, चावल, दुर्गा सप्तशती की किताब, गंगाजल, आम की पत्तियां,चंदन, नारियल, कपूर, जौ के बीज, मिट्टी के बर्तन, गुलाल, सुपारी, पान का पत्ता, लौंग, इलायची, फल, फूल, कलश, जौ, लाल रंग का वस्त्र, कपूर, धूपबत्ती,दीपक, घी समेत पूजा की सभी सामग्री एकत्रित कर लें।


## शुभ मुहूर्त व पूजा विधि

30 जनवरी को घटस्थापना के दौरान आप विधि-विधान से घटस्थापना कर सकते हैं। इस दिन 9 :25 ए एम से 10 :46 ए एम तक पहला मुहूर्त है। सबसे पहले स्नान आदि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मां दुर्गा की प्रतिमा को स्थापित करके उन्हें चुनरी अर्पित करें। अब मां दुर्गा को पूजन सामग्री अर्पित करें। आरती उतारें और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। गुप्त नवरात्रि व्रत करें और आखिरी दिन कन्या पूजन करें।

# वास्तु शास्त्र के अनुसार बनाएं घर के अंदर सीढ़ियां

घर के निर्माण में हर छोटी से छोटी बात का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। सीढ़ियां भी घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके निर्माण में वास्तु नियमों का पालन करना और भी अधिक आवश्यक हो जाता है। सीढ़ियों के निर्माण में वास्तु के सिद्धांतों का पालन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है। अगर सीढ़ियां वास्तु के नियमों के अनुसार नहीं बनाई गई हैं, तो इससे घर में कई तरह के वास्तु दोष उत्पन्न हो सकते हैं। ये दोष घर के रहने वालों के स्वास्थ्य, धन, और रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। आइए ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं कि क्या घर के अंदर सीढ़ियां बनाना शुभ है या अशुभ?





वास्तु के अनुसार घर के अंदर सीढ़ियां बनाना शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर घर के अंदर सीढ़ियां बनाने से व्यक्ति को अशुभता झेलनी पड़ती है और घर परिवार में सुख-समृद्धि की भी कमी आने लग जाती है। साथ ही इसका असर घर के वास्तु पर भी पड़ता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सीढ़ियां बनाने के कुछ नियम होते हैं, जिनका पालन करना महत्वपूर्ण होता है। सीढ़ियां का स्थान और दिशा घर के वास्तु और ऊर्जा के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर सीढ़ियों को सही तरीके से न डिजाइन किया जाए तो यह नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

## सीढ़ियां बनाने के लिए वास्तु के नियम

उत्तर और पूर्व दिशा में सीढ़ियों का निर्माण सबसे शुभ माना जाता है। ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और घर में सुख-समृद्धि लाती हैं।

दक्षिण और पश्चिम दिशा में सीढ़ियों का निर्माण न करना बेहतर होता है, क्योंकि इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश हो सकता है और परिवार में वित्तीय समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

घर के मुख्य द्वार के सामने सीढ़ियां नहीं बनानी चाहिए, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को रोकता है और घर में समृद्धि में कमी आ सकती है।

सीढ़ियों का आकार सही होना चाहिए।

अत्यधिक चौड़ी या संकीर्ण सीढ़ियां न बनाएं। सीढ़ियों के बीच में अगर कोई खाली स्थान छोड़ा जाता है तो यह घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश करवा सकता है। सीढ़ियों के नीचे कोई सामान नहीं रखना चाहिए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह नकारात्मक ऊर्जा का कारण बन सकता है और घर में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# कमर दर्द दूर करे ये एक्सरसाइज



कमर का दर्द सुनने में भले ही एक आम समस्या लगे, लेकिन यह आपकी डेली लाइफ को काफी परेशान कर सकती है। इससे व्यक्ति उठने-बैठने या फिर लेटने तक में दर्द का सामना करना पड़ता है। यह हल्का दर्द से लेकर तेज चुभन जैसा हो सकता है। कई बार तो दर्द से निपटने के लिए हम सभी दवाई का सहारा भी लेते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज करके इस दर्द को काफी हद तक कम किया जा सकता है, बशर्ते एक्सरसाइज को सही तरह से किया जाए।

अमूमन यह देखने में आता है कि लोग वर्कआउट के दौरान किसी भी एक्सरसाइज को करना शुरू कर देते हैं या फिर एक्सरसाइज को गलत तरीके से करते हैं। जिसकी वजह से कमर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और दर्द की शिकायत बढ़ने लगती है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन सभी एक्सरसाइज कमर के लिए सही नहीं मानी जाती हैं। इनसे आपका दर्द काफी हद तक बढ़ सकता है। कई बार लोग कमर दर्द की वजह से एक्सरसाइज करना ही छोड़ देते हैं, जबकि यह समस्या का समाधान नहीं है। बस जरूरी है कि आप उन एक्सरसाइज से बचें, जो आपके दर्द को बढ़ा सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में योगविशेषज्ञ से आपको कुछ ऐसी ही एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको कमर दर्द की शिकायत होने पर करने से बचना चाहिए-

<u>**खड़े होकर पैर की उंगलियों को छूना**</u> :- अमूमन लोग वर्कआउट रूटीन में टो टच एक्सरसाइज को शामिल करते हैं। इसमें आगे की ओर झुकते हुए अपने पैर की उंगलियों को छूने की कोशिश की जाती है। हालांकि, ऐसा करने से आपकी पीठ के निचले हिस्से पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है, खासकर अगर आपको पहले से ही दर्द की शिकायत हो। इससे लिंगामेंट भी ओवरस्ट्रेच होते हैं और दर्द बढ़ सकता है। इसलिए, इससे बचें।

**क्या करें**- अगर आपको अपनी हैमस्ट्रिंग को स्ट्रेच करने की ज़रूरत है, तो लेटकर एक बार में एक पैर उठाने के लिए तौलिया या बैंड का इस्तेमाल करें।

**क्रंचेस**:- क्रंचेस को कोर के लिए काफी अच्छी एक्सरसाइज माना जाता है, लेकिन अगर आपको कमर दर्द की शिकायत है तो आपको इससे बचना चाहिए। दरअसल, वे आपकी रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं और पीठ दर्द को बढ़ा सकते हैं। क्रंचेस हिप फ्लेक्सर्स को बहुत ज्यादा एंगेज करते हैं, जिससे पीठ के निचले हिस्से पर बहुत अधिक खिंचाव होता है और आपको दर्द या चोट लग सकती है।



# साड़ी स्टाइल के लिए सही डिजाइन और कलर का चयन करें







आप अगर अपनी वॉर्डरोब अपडेट करने के बारे में सोच रही हैं, तो इसके लिए अलग तरह की साड़ी डिजाइंस को आपको अपनी कलेक्शन में ऐड करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको अलग डिजाइन ट्राई करने को मिलेगा। इस बार स्प्रिंग के मौसम में लहरिया साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। लहरिया साड़ी में आपको कई सारे अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके लुक अच्छा लगेगा।

### लहरिया साड़ी करें वियर

आप अपनी वॉर्डरोब में लहरिया साड़ी के अलग-अलग डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तस्वीर में आपको मिरर वर्क की साड़ी देखने को मिल रही है। जिसे आप भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साड़ी में ये बॉर्डर आपको साइड डिजाइन में मिलेगा। इसमें आप पोल्का डॉट ब्लाउज मिलेगा। इससे साड़ी लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, स्टाइल करने के बाद आपको भी कम्फर्टेबल लगेगा।

### बॉर्डर वर्क वाली लहरिया साड़ी

आप पहनने के लिए बॉर्डर वर्क वाली लहरिया साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद काफी सुंदर नजर आती है। इसमें पूरी साड़ी पर लहरिया प्रिंट मिलेगा। इसके साथ बॉर्डर वर्क प्लेन होगा। इससे साड़ी पहनने के बाद अच्छी नजर आएगी। इस तरह की साड़ी को आप प्लेन ब्लाउज के साथ वियर करेंगी, तो आप अच्छी लगेंगी।

### डबल शेड वाली लहरिया साड़ी

आप अगर खूबसूरत दिखने के लिए डबल शेड वाली लहरिया साड़ी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद बेहद खूबसूरत नजर आएगी। इस साड़ी में आप किसी भी तरह के दो शेड का डिजाइन ले सकती हैं। इसके साथ प्लेन ब्लाउज वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट मे इस तरह की साड़ी आपको आसानी से मिल जाएगी।

इस बार अपने वार्डरोब में इन लहरिया साड़ी को ऐड करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अच्छी लगेगी। उसके साथ ज्वेलरी भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। मार्केट में साड़ी आपको रेडी टू वियर डिजाइन में मिल जाएगी। इससे लुक और भी ज्यादा अट्रैक्टिव लगेगा।


# शरीर में विटामिन-डी का लेवल कम होने का असर

सेहतमंद रहने के लिए, शरीर के सभी अंगों का सही तरह से फंक्शन करना जरूरी है। इसके लिए, शरीर में विटामिन्स, मिनरल्स और कई हार्मोन्स का लेवल सही होना चाहिए। शरीर में जब जरूरी विटामिन्स या मिनरल्स की कमी होने लगती है, तो इसके कुछ लक्षण नजर आते हैं और इसकी वजह से हमारे बॉडी फंक्शन्स पर भी असर होता है। आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, विटामिन-ए, विटामिन-डी और विटामिन-बी12 समेत कई ऐसे विटामिन्स और मिनरल्स हैं, जिनकी कमी शरीर पर बुरा असर डाल सकती है। विटामिन-डी की कमी एक बेहद आम समस्या है, जिसका असर हमारे मूड, हार्मोन्स और गट हेल्थ पर भी होता है। क्या आपने कभी सोचा है कि अगर शरीर में विटामिन-डी का लेवल बहुत कम हो जाए, तो क्या होगा, चलिए इस बारे में एक्सपर्ट से समझते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन दे रही हैं। उनके अनुसार शरीर में विटामिन्स, मिनरल्स और कई हार्मोन्स का लेवल सही बताया गया है।

## शरीर में विटामिन-डी का लेवल बहुत कम हो जाए तो क्या होगा?

विटामिन-डी एक हार्मोन है। इसकी कमी का असर, हमारी गट हेल्थ और हार्मोनल सिस्टम पर भी होता है।

शरीर में विटामिन-डी की कमी के कारण, कैल्शियम सही तरह से अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। गट हेल्थ के लिए, विटामिन-डी का सही मात्रा में होना जरूरी है।



अगर आपके शरीर में विटामिन-डी बहुत कम है, तो आपका डाइजेशन खराब रह सकता है।

शरीर में विटामिन-डी की कमी होने पर खून में कैल्शियम की कमी हो जाती है और बोन ग्रोथ पर असर होता है। इसकी वजह से बच्चों और बड़ों की हड्डियां कमजोर हो सकती हैं।

विटामिन-डी का लेवल बहुत अधिक कम होने पर, शरीर की इंफेक्शन्स से लड़ने की क्षमता कम होने लगती है और बीमारियां हमें जल्दी घेर लेती हैं।

शरीर में विटामिन-डी की मात्रा बहुत ज्यादा कम होने से, मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। अगर आपको बहुत अधिक थकान महसूस हो रही है, तो यह विटामिन-डी का लेवल लो होने का संकेत है।

इसकी कमी से वजह से पीरियड्स भी अनियमित हो सकते हैं।

विटामिन-डी की कमी से शरीर में इंसुलिन सेंसिटिविटी कम हो जाती है और बेली के इर्द-गिर्द फैट जमने लगता है। इसकी वजह से वजन भी बढ़ने लगता है क्योंकि इसका असर हार्मोनल सिस्टम पर होता है।

विटामिन-डी का लेवल बहुत अधिक कम होने से, डायबिटीज, कई प्रकार के कैंसर, डिप्रेशन, दिल की बीमारी, हाई बीपी और स्ट्रोक भी हो सकता है।

# ठंड में बच्चों की खास केयर टिप्स

इस समय कड़ाके की सर्दियां पड़ रही हैं। इतनी ठंड में बच्चों का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि बच्चे तुरंत बीमार पड़ जाते हैं। वैसे तो सर्दियों में पैरेंट्स ज्यादातर बच्चों को घर में ही रखते हैं,लेकिन फिर भी स्कूल तो भेजना ही पड़ता है। सुबह-सुबह कड़ाके की ठंड में बच्चों को बाहर भेजना पैरेंट्स के लिए थोड़ा मुश्किल जरूर होता है। इस दौरान बच्चों को और भी खास केयर की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आपके बच्चे भी सर्दियों में स्कूल जा रहे हैं तो इन खास बातों का ध्यान आपको जरूर रखना चाहिए।

### गर्म कपड़ों से कवर कर के भेजें स्कूल

ठंड के मौसम में बच्चों का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। खासतौर पर अगर बच्चे स्कूल गोइंग हैं, तो उनके पहनावे का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। बच्चे को ठंड ना लगे इसके लिए उन्हें थर्मल वियर, स्वेटर के साथ मोजे, कैप ,ग्लव्स जैसी चीजें जरूर पहनाएं। हालांकि इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि बच्चों को जरूरत से ज्यादा कपड़े पहना दिए जाएं। ये उनके लिए थोड़ा सफोकेटिंग भी हो सकता है।

### खान-पान का रखें ध्यान

ठंड के मौसम में सर्दी-जुकाम आदि की समस्या काफी बढ़ जाती है। ऐसे में अगर बच्चे की इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होगी, तो वो इन मौसमी बीमारियों के खतरे से बचा रहेगा। यही वजह है कि सर्दी के मौसम में बच्चों के खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। इस मौसम में हेल्दी फ्रूट्स और वेजिटेबल इजीली अवेलेबल रहते हैं, इन्हें बच्चे की डाइट में शामिल करें। इससे बच्चे हेल्दी भी रहेंगे और बीमारियों से भी बचे रहेंगे।

### नींद भी होनी चाहिए पूरी

बच्चे हों या बड़े, फिजिकली और मेंटली स्ट्रांग रहने के लिए नींद पूरी होना बहुत जरूरी है। हालांकि मोबाइल फोन, टैबलेट और टीवी के इस जमाने में बच्चे इतना मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें सोने-जागने, खाने-पीने की फिक्र ही नहीं रहती है। ऐसे में पेरेंट्स की जिम्मेदारी है कि वो इस बात का ध्यान रखें कि बच्चा भरपूर नींद ले। दिन भर पढ़ाई और भागदौड़ की वजह से बच्चे थक जाते हैं, ऐसे में सर्दियों के मौसम में उन्हें फिट और एक्टिव बनाए रखने के लिए कम से कम 8 से 9 घंटे की नींद जरूर दिलाएं।



### ना हो बच्चे को मेंटल स्ट्रेस

सर्दियों के मौसम में दिन बहुत छोटा होता है, ऐसे में बच्चों के लिए टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। स्कूल और पढ़ाई के बीच में बच्चों को खेलने का समय नहीं मिल पाता है, जिसकी वजह से मानसिक तनाव होना स्वाभाविक है। ऐसे में पेरेंट्स की ये जिम्मेदारी है कि वो बच्चे के मेंटल स्ट्रेस को कम करने का प्रयास करें। पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद का भी प्रॉपर समय दें। जिससे बच्चों का दिमाग रिलैक्स हो सके।



### वर्कआउट करना भी है जरूरी

सर्दियों के मौसम में बच्चों को वर्कआउट करने के लिए भी प्रेरित करें। दरअसल वर्कआउट करने से शरीर को हीट मिलती है, जिससे ठंड का असर थोड़ा कम होता है। सुबह रनिंग, जॉगिंग करने से बच्चों के शरीर को एनर्जी तो मिलेगी ही, साथ ही दिनभर उनका दिमाग एक्टिव और फ्रेश रहेगा। इसके अलावा बच्चे को आउटडोर गेम खेलने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### उसे जिताए जो नगर की समस्याओं को दूर करें- योगेश



**होमन सिंह ठाकुर/ नंदिनी अहिवारा (समय दर्शन)।** शिवसेना के भिलाई जिला प्रभारी योगेश साहू ने कहा कि अहिवारा पालिका चुनाव सिर पर है लोग अब भी सोच में है कि किसे जिताना है किसको हराना है। नगर में समस्या अब किसको सौपना है, यह हम आम जनता तय करेंगे पिछले कई सालों की समस्या और अब की समस्या में अंतर आएगा। अब जीत हार की फैसला में एक तरफ़ जीत हो या एक तरफ़ हार। मेरा अनुभव है अब उसको इसलिए जीताऐंगे जो.. नगर में गोवंश की तकलीफ को दूर करें। बिजली उत्पादन विद्युत को पूर्ण रूप से पूर्ति करें क्योंकि गर्मी आने वाला है। नगर में आम जनता मार्केट में लाइटिंग की व्यवस्था हो। कचरा सफ़ाई करने वालों को ड्रेस कोड के साथ अच्छे से सफ़ाई दिया जाए फ़ेटो खिंचवाकर कम चलो ना हो। नगर में भारी वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो। नगर में धार्मिक स्थलों की अच्छी सी व्यवस्था हो। नगर में धार्मिक कार्यक्रम बड़ी जोरों शोरों से हो। नगर में प्रवेश द्वार बने। नगर की बस स्टैंड चक्का-चौंद हो नगर गली चौक चौराहा के नाम प्लेट के साथ दर्शाया जाए। नगर में गार्डन की अच्छी व्यवस्था हो। नगर में अवैध बांग्लादेशी रोहोगियों मुसलमान का नो एंट्री हो। नगर पालिका को कड़ी कार्रवाई कानून के साथ अध्यक्ष महोदया को चलाने का एक अलग अनुभव हो। नगर पालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े सीएमओ व अधिकारी से लड़े ऐसा अध्यक्ष चुने। नगर के तालाबों के किनारे के पास भाव्या सुलभ शौचालय का एक स्वच्छता के नाम में भव्य भवन निर्माण हो। ऐसी अनेक सारी योजना है जो यहां के आम जनता बहुत परेशान हैं लोगों से चर्चित करके हम यह विषय को आप लोगों तक पहुंचा रहे हैं ताकि इस बार का चुनाव बहुत अच्छा से हो और हर मतदाता मतदान करें।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 : शनिवार एक फरवरी को भी दाखिल कर सकेंगे नामांकन

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी/** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए शनिवार एक फ़रवरी को भी निर्धारित समयावधि में नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जरूरी निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए गए हैं। शनिवार को सार्वजनिक अवकाश नहीं होने के कारण पंचायत चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी अपना नामांकन रिटर्निंग ऑफ़िसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। एक फ़रवरी शनिवार को प्रत्याशी नामांकन पत्र प्राप्त भी कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए जारी की गई समय सारिणी के हिसाब से सरपंच, पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य आदि के लिए नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 3 फ़रवरी निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 4 फ़रवरी को की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से अभ्यर्थी 6 फ़रवरी तक नाम वापस ले सकेंगे। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 6 फ़रवरी गुरूवार को किया जाएगा। धमतरी जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए 3 चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में जिले के धमतरी और मगरलोड जनपद पंचायत क्षेत्र में 17 फ़रवरी सोमवार को मतदान होगा। दूसरे चरण में कुरूद जनपद पंचायत क्षेत्र में गुरूदवार 20 फ़रवरी को और तीसरे चरण में नगरी जनपद पंचायत क्षेत्र में रविवार 23 फ़रवरी को वोट डाले जाएंगे।

### जिला स्तर पर कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ गठित

#### कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने डीईओ को बनाया प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, सुश्री नम्रता गांधी ने जिला स्तर पर कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ गठित किया है। उन्होंने प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.आर.जगदल्ले को नियुक्त किया है, जिनका मोबाईल नंबर 94241-24278 है। साथ ही जिले के चारों विकासखण्डों में अधिकारियों को कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ के लिए सहायक नियुक्त किया गया है। विकासखण्ड धमतरी में श्री नंदकिशोर साहू मो.नं. 99774-13719, कुरूद में श्री अतुल रणसिंह मो.नं. 94242-05317, मगरलोड में श्री खमेन्द्र साहू 91317-50230 और विकासखण्ड नगरी में श्री पंकज रावटे मोबाईल नंबर 90398-31428 को सहायक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि विभिन्न कर्मचारी संगठन द्वारा निर्वाचन कार्य के संबंध में सुझाव एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, जिसके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने जिला स्तर पर कर्मचारी कल्याण प्रकोष्ठ गठित किया है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया गया समापन, प‌ऽश्री शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो हुए शामिल

**बालोद (समय दर्शन)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की बहुत ही विकराल समस्या है। इससे बचाव हेतु सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के अलावा यातायात नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में शमशाद बेगम, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी देवांश राठौर, सीएसपी दल्लीराहजरा डॉ. चित्रा यातायात निरीक्षक श्री राकेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं वक्ताओं ने सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी को ही एक मात्र उपाय बताया। उन्होंने आम जनता से नशापान करके तथा तेज गति से वाहन नही चलाने एवं वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने तथा हेलमेट का उपयोग करने की अपील भी की।



चन्द्रवाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु अपने जान-माल की रक्षा करने तथा अपने आप को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी व्यक्ति की स्वयं की है। इसलिए यातायात निमयों का पालन करते हुए नियंत्रित एवं संयमित होकर वाहन चलाकर हमें अपने एवं अपने परिवार तथा समाज को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए। साथ ही नागरिकों से नाबालिग एवं छोटे बच्चों से वाहन नही चलवाने की भी अपील की। ज़िले के प्रत्येक नागरिकों को एक जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने नैतिक दायित्वों को निर्वहन करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प‌ऽश्री शमशाद बेगम ने जिले के आम नागरिकों से सड़क सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने तथा सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय है, इसलिए हम सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुए सावधानीपूर्वक वाहन चलाना चाहिए। समारोह में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने सड़क सुरक्षा माह के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का आयोजन मात्र एक माह भर का आयोजन नही है वरन् यह पूरे वर्ष भर चलने वाला कार्यक्रम है। सड़क दुर्घटना वर्तमान समय की भीषण समस्या है। उन्होंने कहा कि हमारी एक लापरवाही एवं असावधानी के कारण हमारे परिवार एवं समाज को अपूरणीय क्षति हो जाती है। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनका तत्काल मदद पहुँचाने वाले नेक नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लेखनीय भागीदारी निभाने वालों के अलावा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में आयोजित चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा सड़क सुरक्षा उपायों के संबंध में नुक्कड़-नाटकों की भी प्रस्तुति दी गई।

## नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 : राजनैतिक प्रचार हेतु पर्चे, पोस्टर पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम आवश्यक

### विज्ञापनों की होगी सतत मॉनीटरिंग, मीडिया मॉनिटरिंग समिति रखेगी नजर

### पेड न्यूज पर होगी कार्रवाई, निर्वाचन व्यय में जुड़ेगी राशि

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी / नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान राजनीतिक प्रचार-प्रसार के लिए छापे जाने वाले पॉम्पलेट, पोस्टर, हैण्ड बिल और अन्य दस्तावेजों पर प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम उल्लेखित करना जरूरी होगा। ऐसी मुद्रित प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम उल्लेख नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और समाचारों की भी गहन निगरानी की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। धमतरी जिले में जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन सुश्री नम्रता गांधी की अध्यक्षता में गठित की गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्वाचन संबंधी पर्चों एवं पोस्टरों, आदि में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम स्पष्ट दर्शाया जाना चाहिए तथा मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति मुद्रण के तीन दिवस के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ भिजवाना होगा। इसके उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**विज्ञापनों की होगी सतत मॉनीटरिंग-** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट, सोशल एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की निर्वाचन से जुड़ी खबरों और विज्ञापनों की मॉनिटरिंग के भी विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार की निगरानी मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा की जाएगी। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ द्वारा पेड न्यूज की मानिटरिंग भी की जायेगी। संदिग्ध पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग आफ़िसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफ़िसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। अभ्यर्थी को नोटिस तामिली के 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष रिटर्निंग ऑफ़िसर के समक्ष रखना होगा। यदि निर्धारित समयावधि में अभ्यर्थी जवाब प्रस्तुत नहीं करता है, तो संदिग्ध पेड न्यूज को पेड न्यूज मानकर उसकी निर्धारित राशि अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ी जाएगी।

## नगरीय निकाय चुनाव 2025 : डमी ईवीएम से जागरूकता अभियान जारी

### कलेक्ट्रेट परिसर में डमी ईवीएम के जरिए आम नागरिकों को दी जा रही मतदान प्रक्रिया की जानकारी



**महासमुंद(समय दर्शन)।** नगरीय निकाय चुनाव 2025 के मद्देनजर कलेक्टरेट परिसर में डमी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) रखी गई है, जिससे आम मतदाता सहित जनप्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मियों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। अपर कलेक्टर व उपनिर्वाचन अधिकारी रवि साहू ने बताया कि निर्वाचन शाखा के कर्मचारी लगातार नागरिकों को ईवीएम के सही उपयोग और मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं, ताकि चुनाव के दिन मतदाता बिना किसी संकोच के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।इस बार प्रयोग की जा रही ईवीएम अन्य चुनावों में उपयोग होने वाली मशीनों से थोड़ी अलग है। इस मशीन में वोट डालने के बाद पर्ची नहीं निकलती। एक ईवीएम में अधिकतम 13 उम्मीदवारों और 1 नोटा का विकल्प होता है। यदि किसी वार्ड में उम्मीदवारों की संख्या 13 से अधिक होती है, तो अतिरिक्त ईवीएम जोड़ी जाएगी। डमी ईवीएम के इस प्रदर्शन के जरिए नागरिकों को न केवल मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है, बल्कि उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि ईवीएम में एंड बटन दबाने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता को केवल दोनों पदों (अध्यक्ष और पार्षद) के लिए अपने पसंदीदा उम्मीदवार का बटन दबाना होगा, जिससे मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद दोनों पदों के लिए ईवीएम से मतदान होगा। मतदान प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वोट डालने पर हल्की बीप की आवाज आएगी।

## खरीफविपणन वर्ष 2024-25 : जिले के एक लाख 53 हजार किसानों से 11 लाख टन से अधिक की धान की खरीदी की गई



### 25 अरब़ 31 करोड़ 24 लाख रुपए की धान खरीदी

**महासमुंद (समय दर्शन)।** जिले के धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के अंतिम दिन में अधिकांश किसानों ने अपने धान का विक्रय कर लिया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिले के 182 उपार्जन केन्द्रों में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 1,62,295 है। जिसमें से अब तक 1,53,132 किसान लाभान्वित हुए। किसानों से 11 लाख 513 टन धान की खरीदी की गई। अब तक 25 अरब 31 करोड़ 24 लाख रुपए की खरीदी की गई। शासन द्वारा 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अमला धान खरीदी कार्यों में लगी हुई थी। जिससे किसानों को अपने मेहनत का फ़ायदा मिल सके। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में धान खरीदी का कार्य सफ़लतापूर्वक किया गया। राजस्व, खाद्य, मंडी एवं सहकारिता विभाग के अमला द्वारा धान खरीदी अवधि में किसानों की समस्या को दूर करते हुए पात्र किसानों का धान क्रय किया गया। इसके साथ ही पंजीयन, रकबा संशोधन, पंजीयन स्थानांतरण, पंजीयन रिस्टोर, नवीन पंजीयन, रकबा समर्पण सुधार, टोकन, नाम सुधार, बैंक खाता संशोधन में आने वाली समस्याओं का निराकरण कर धान खरीदी की गई।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा धान खरीदी के सुचारू संचालन एवं व्यवस्था के लिए लगातार धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया और अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान जिले के उपार्जन केन्द्रों से लगातार राईस मिलर्स एवं परिवहनकर्ताओं द्वारा धान का उठाव अवकाश के दिनों में भी कराया गया। ताकि पंजीकृत कृषक को धान विक्रय करने में किसी प्रकार असुविधा न हो। जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। धान खरीदी के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई बारदाने, तौल, टोकन आदि की व्यवस्था से धान खरीदी का कार्य पूर्ण किया गया है।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-02 लिटिया से कविता ओमप्रकाश साहू ने भरे नामांकन

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 लिटिया क्षेत्र से क्षेत्रीय पदुमतरा निवासी कविता ओमप्रकाश साहू ने नामंकन जमा किये। कविता साहू ने नामांकन पश्चात कहा वह उनके पति जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने जनपद क्षेत्र में विकास कार्य कराने में कोई कमी नहीं किये, चाहे किसानों की बात करें, पदुमतरा में नए स्थान पर धान खरीदी में प्रारंभ की बात की बात या डुमरडीहकला में धान खरीदी उपकेंद्र खुलवाने का काम हो या पूरे जनपद क्षेत्र में लोगो के मांगों के अनुरूप बुनयादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किये है, उनके साथ पूरे परिवार के लोग जनता की सेवा में लगे रहते है।



गौरतलब हो कि कविता साहू महिला कांग्रेस की सक्रिय सदस्य है। सामाजिक क्षेत्र में महिला मंडल समिति के सदस्य है। ओमप्रकाश साहू जनपद सभापति के अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा (युवा विंग) नई दिल्ली, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ट रायपुर, सलाहकार जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ट राजनांदगांव, संरक्षक तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ट राजनांदगांव, सयुंक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर श्रीराम जानकी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष है। पूर्व लोकसभा महासचिव युवा कांग्रेस राजनांदगांव व पूर्व विधानसभा महासचिव युवा कांग्रेस डोंगरगढ़ रह चुके है, उनके परिवार में राजनीतिक सदस्य बड़े पापा स्व. रामकुमार साहू 2 बार सरपंच रहे। खपरीकला, गठुला सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष सदस्य रहे, सेक्टर प्रभारी रेंगाकठेरा रहे, जीवनभर कांग्रेस पार्टी की सेवा किये है। बड़ी मां गणेशी देवी साहू पूर्व सरपंच खपरीकला, पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व मंडी सदस्य आज भी कांग्रेस पार्टी की सेवा कर रहे है, उनके पापा देवनारायण साहू कांग्रेस के सदस्य है।

कविता साहू ने कहा कि पूरा परिवार सामाजिक व राजनीतिक रूप से लोगों के बीच उपस्थित रहते है, उनसे ही प्रेरणा लेकर आज जिला पंचायत का नामांकन जमा किये है और लोगों के आशीर्वाद लेने जा रहे है।

# सरपंच पद के लिए गायत्री लकड़ा का नामांकन रैली में दिखा जोश और उत्साह

**सरायपाली(समय दर्शन)।** जनपद पंचायत सरायपाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत आंवलाचक्का में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। शुक्रवार को श्रीमती गायत्री सुरोतीलाल लकड़ा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ सरपंच पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

सुबह से ही पंचायत में उत्साह और गहमागहमी का माहौल बना रहा। गायत्री सुरोतीलाल लकड़ा ने अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली, जो सेक्टर ग्राम पंचायत कार्यालय, केदुवां तक पहुंची। रैली में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

**रैली में समर्थकों का उत्साह चरम पर-** नामांकन के दौरान गायत्री सुरोतीलाल लकड़ा के समर्थकों ने उनके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। समर्थकों ने दावा किया कि वे ग्राम पंचायत में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देंगी। रैली में युवाओं और महिलाओं का जोश देखते ही बन रहा था।



नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्रीमती लकड़ा ने कहा, मेरा उद्देश्य ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास करना है। मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में सुधार के लिए काम करूंगी और हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की कोशिश करूंगी।

समर्थकों का विश्वास और परिवार की प्रतिष्ठा गायत्री लकड़ा के समर्थकों ने विश्वास जताया कि वे भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी। उनके पति सुरोतीलाल लकड़ा, जो निर्वतमान में उपसरपंच रहे हैं, की सक्रियता और मिलनसार स्वभाव को भी ग्रामीणों ने सराहा। समर्थकों का कहना है कि उनका अनुभव और सेवा भाव इस चुनाव में बड़ा अंतर पैदा करेगा।

**चुनावी माहौल में गर्मी-** गायत्री सुरोतीलाल लकड़ा के नामांकन के साथ ही ग्राम पंचायत में चुनावी माहौल गर्म हो गया है। अन्य प्रत्याशी भी अपनी रणनीतियों को धार दे रहे हैं। नामांकन के बाद गायत्री लकड़ा अब घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगी।

उनका कहना है कि वे हर घर तक पहुंचकर अपनी योजनाएं और विजन साझा करेंगी। आंवलाचक्का पंचायत का यह चुनाव विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आधारित होने की उम्मीद है।

देखना होगा कि ग्राम पंचायत के मतदाता किसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं, लेकिन फ़िलहाल गायत्री सुरोतीलाल लकड़ा की लोकप्रियता और उनके समर्थकों का जोश चुनाव को और रोमांचक बना रहा है!

## खबर-खास

# नक्सलियों के मंसूबों को सुरक्षा बलों ने किया नाकाम

### सुरक्षा बलों को नुकसान पंहुचाने की नीयत से नक्सलियों के द्वारा आईईडी प्लांट कर रखे अलग-अलग जगहों पर आईईडी को सुरक्षा बलों द्वारा किया गया निष्क्रिय



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है इसी दौरान थाना मैनपुर क्षेत्रातंर्गत ग्राम भालूडीग्गी एवं बेसराझर के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर 30 जनवरी को जिला बल गरियाबंद ऑपरेशन टीम ई-30 एवं 65 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम भालूडिग्गी एवं बेसराझर के मध्य जंगल में अभियान पर रवाना हुए थे।माओवादियों द्वारा विभिन्न जगह पर टिफिन बम एवं पाइप बम सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से लगाए हुए थे।नक्सलियों के मंसूबो को नाकाम करते हुए सुरक्षा बल बी0डी0एस0 टीम के द्वारा आईईडी को सुरक्षार्थ नष्ट किया गया। नक्सलियों द्वारा जंगल में लगाये गये इस आईईडी से नजदीग गांव के ग्रामीणों एवं पशुओं को भी नुकसान हो सकता था। सुरक्षाबलों को सर्चिंग के दौरान जंगल में बीजीएल राउण्ड, इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर, बैटरी, सोलर प्लेट, नक्सली दस्तावेज, नक्सली वर्दी, वायर,बेटरी, स्वीच,कैंची, कुल्हाड़ी जैसे अन्य समाग्री बरामद हुये।

# यातायात जागरूकता माह का किया गया समापन

### कार्यक्रम के दौरान गुड सेमेरिटन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया




**गरियाबंद (समय दर्शन)।** भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,नई दिल्ली के निर्देशानुसार व पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' वर्ष 2025 के तहत 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजन किया गया था।जिसका समापन कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम के सामने किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक आग्रवाल कलेक्टर जिला गरियाबंद, अध्यक्षता निखील राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स धीरेंद्र पटेल, एसडीओपी गरियाबंद सुश्री निशा सिंहा के साथ व्यापारी संघ, प्राचार्यगण की गरिमामय उपस्थिति में समापन कार्यक्रम का शुभारंम मां भारती की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि कलेक्टर गरियाबंद के द्वारा अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में उपस्थित आम नागरिकों व छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह वर्ष 2025 की शुभकामनाए देते हुए सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने अपील किया,जिससे कि आप और आपका परिवार सुरक्षित रहे।प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल है,इसी लिए जीवन की सुरक्षा के लिए ''सड़क'' का प्रयोग करने वाले व्यक्तियों को यातायत नियमों का पालन करना अति आवश्यक है,यह हम सबकी व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपने उद्बोधन में यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से कहा कि शहर की पहचान यातायात व्यवस्था व वाहन पार्किंग से होता है जिससे बिना रूकावट व जानमाल का हानि हुए बिना आवागमन कि सुविधा बनी रहे तथा शराब सेवन कर वाहन न चलाने व दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठकर वाहन न चलाने,हेलमेट,सीट बेल्ट पहन कर वाहन चलाने,सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति जिसे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गुड सेमिरिटन नाम दिया गया है।सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का अधिक से अधिक मदद करे।सड़क दुर्घटनाओं की चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि जिले में कुल 111 सड़क दुर्घटनाओं में 80-90 मृत्यु ऐसे है जो जिसके सिर में गंभीर चोंट लगने से हुई यदि ये लोग हेलमेट धारण कर यातायात नियमों का पालन किये रहते तो निश्चित ही इनकी जान बचाई जा सकती थी। उपस्थित छात्र-छात्राओं में से जिनकी उम्र 18 वर्ष कम है उनहे स्कूल जाते-आते समय वाहन न चालने को कहा इस प्रकार पकडे जाने पर नाबालिक बच्चों के पालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये।यातायात पुलिस माह के दौरान हम लोगों ने हेल्मेंट रैली से शुरू कर सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुरे माहभर विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्कूली बच्चों के द्वारा यातायात जागरूकता हेतु वॉल पेटिंग प्रतियोगिता,हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों को गुलाब फूल वितरण,स्कूली बच्चों के माध्यम से यातायात जगरूकता रैली के साथ नगर भ्रमण, ग्रामों व चौक-चौराहो प्रमुख रूप से ग्राम पाण्डुका, पोड, बारूला, मालगांव, गरियाबंद, राजिम, मैनपुर, कौन्दकेरा, जुगाड,छुरा, राजिम हाट-बाजारों में जाकर यातायात जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें पाम्पलेट वितरण कर सड़क दुर्घटना के कारणों की जानकारी देते हुए लगभग 15,000 लोगों को जागरूक किया गया।स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नेत्र परीक्षण सिविर का आयोजन किया गया जिसमें 75 चालक परिचालको का नेत्र परीक्षण किया गया। पुरे आयोजन के दौरान यातायात नियम संबंधी 20,000 पाम्प्लेट वितरण किया गया।पुलिस विभाग एवं जिला परिवहन विभाग,पीडब्ल्यु डी,हाईवे विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सडक दुर्घटना जन्य जगहो का बारिकी से निरीक्षण किया गया तथा परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा गरियाबंद,छुरा, राजिम क्षेत्र में लर्निग लायसेंस सिविर आयोजन कर लर्निग लायसेंस बनाया गया तथा चालको एवं परिचालको के ऑखो का चेक कराया गया ।

# चुनावी रण में बीजेपी का दमदार आगाज! तिरंगा चौक पर नवीन कार्यालय का उद्घाटन, विधायक रोहित साहू का ऐलान -'जिले में बनेगी ट्रिपल इंजन सरकार, विपक्ष होगा ध्वस्त!



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** नगर पालिका चुनाव में अब महज 10 दिन शेष हैं और दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में आज भारतीय जनता पार्टी (ब्छ्क्) ने गरियाबंद के तिरंगा चौक पर अपने नवीन चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।इस मौके पर विधायक रोहित साहू ने भाजपा की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि फ्राज्य और केंद्र में पहले ही भाजपा की सरकार है,अब नगर निकाय में भी कमल खिलेगा।जनता ने हर स्तर पर भाजपा पर भरोसा जताया है और इस बार भी ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी।भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रिखी राम यादव ने इस कार्यालय को पूरे गरियाबंद की जनता के लिए समर्पित बताते हुए कहा,


फ्यह कार्यालय केवल चुनावी गतिविधियों का केंद्र नहीं, बल्कि जनता की सेवा का प्रतीक बनेगा।भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वार्ड स्तर पर भी चुनावी प्रचार तेज कर दिया गया है और घर-घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी अपना विजन जनता को बता रहे हैं।

अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या भाजपा अपनी 'ट्रिपल इंजन सरकार' बनाने में सफ्ल होगी या कांग्रेस कोई बड़ा दांव खेलेगी? गरियाबंद में सियासी पारा चरम पर पहुंच चुका है, और इसका परिणाम 15 फ्रवरी को सामने आएगा!

# वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचित

**दुर्ग/** नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 अंतर्गत नगर निगम दुर्ग के वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुए है। कलेक्टोरेट के रिटर्निंग ऑफ्सिर कक्ष क्रमांक 04 में रिटर्निंग ऑफ्सिर एडीएम श्री अरविन्द कुमार एक्का ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियम 39 के उप नियम (1) के अनुशरण में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी विद्यावती सिंह को पार्षद के रूप में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफ्सिर एसडीएम श्री एच.एस. मिरी एवं अन्य अधिकारी, निर्वाचित पार्षद, उनके समर्थकगण उपस्थित थे।

# जेएलएफ में नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा 'दियासलाई' का लोकार्पण




**जयपुर।** लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के मंच पर आज नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की आत्मकथा 'दियासलाई' का लोकार्पण हुआ। यह पुस्तक सत्यार्थी की जीवन यात्रा, उनके संघर्ष और दुनिया भर के बच्चों को शोषण से मुक्त करने की उनकी प्रेरक कहानी को दर्शाती है। लोकार्पण के दौरान कैलाश सत्यार्थी ने आत्मकथा के अध्यायों और उससे जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। दियासलाई के 24 अध्यायों में कैलाश सत्यार्थी ने विदिशा के एक साधारण पुलिस कांस्टेबल के परिवार में जन्म से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और नोबेल शांति पुरस्कार तक की अपनी यात्रा को लिखा है। सत्यार्थी की जीवनी किशोरावस्था में सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती देने से लेकर बच्चों को शोषण मुक्त करने के संघर्ष की प्रेरक गाथा है। पुस्तक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार कैसे तथाकथित अछूत महिला के हाथों से खाना खाने पर उन्हें उनके ही समाज ने बहिष्कृत कर दिया और उन्हें एक छोटे से कमरे में परिवार से अलग अकेले वक्त बिताना पड़ा। उस प्रकरण के बाद ही उन्होंने अपना जातीय उपनाम शर्मा हटाने का फैसला किया। ...और मैं सत्यार्थी बन गया, जो सत्य का रक्षक है। उन्होंने बताया, नोबेल पुरस्कार मिलने पर कुछ वरिष्ठ पत्रकारों और यहां तक कि नोबेल समिति के सदस्यों ने मुझसे पूछा कि एक या दो वाक्यों में बताएं कि आपने अपने जीवन में क्या हासिल किया है? तो, मेरा जवाब बहुत सरल था कि मानवता के लिए मेरा सबसे विनम्र योगदान यह है कि मैं सबसे उपेक्षित और गुमनाम बच्चों को सामने लाने में सक्षम रहा। यही वजह है कि अब उन बच्चों की सुनवाई हो रही है। कोई भी सरकार उन्हें अनदेखा नहीं कर सकती, जो सदियों से गुमनाम रहे हैं। पुस्तक चर्चा में युवा एकता फाउंडेशन की संस्थापक ट्रस्टी पुनीता रॉय और वरिष्ठ लेखिका नमिता गोखले ने भी हिस्सा लिया। आत्मकथा में सत्यार्थी लिखते हैं अंधेरे का अंत हमेशा किसी छोटी सी चिंगारी से होता है।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 : जिला पंचायत सदस्य 16 नामांकन सहित, पंच,सरपंच, जनपद सदस्य के अनेकों नामांकन हुए जमा



**दुर्ग/** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2024-25 में जिला दुर्ग अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनवद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 27 जनवरी 2025 से प्रारंभ हो गई है तथा नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारिख 03 फ्रवरी 2025 समय 10.30 बजे से 3.00 बजे तक निर्धारित है। जिला पंचायत सदस्य हेतु नामांकन जिला पंचायत भवन दुर्ग में एवं जनपद पंचायत सदस्यहेतु नामांकन विकासखण्ड मुख्यालय स्थित संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय दुर्ग/धमधा/पाटन में प्राप्त किया जा रहा है। पंच एवं सरपंच पद हेतु तीनो जनपद पंचायत क्षेत्र में विभिन्न सेक्टर / कलस्टर मुख्यालय प्राप्त किये जा रहे है। जिला पंचायत सदस्य के लिए आज 31 जनवरी 2025 को 16 नामांकन रिटर्निंग अधिकारी श्री बजरंग कुमार दुबे के द्वारा प्राप्त किया गया।

इसी प्रकार जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत पंच पद हेतु 822 नामांकन पत्र प्राप्त हुए, सरपंच पद हेतु 125 नामांकन पत्र प्राप्त हुए आरै जनपद सदस्य हेतु 33 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मीना साहू एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये तथा जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत पंच पद हेतु 614 नामांकन पत्र प्राप्त किये गये, सरपंच पद हेतु 98 नामांकन पत्र प्राप्त किये, जनपद सदस्य हेतु 34 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्री पंचराम सलामे एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गये। जनपद पंचायत धमधा अंतर्गत जनपद पंचायत क्षेत्र पंच पद हेतु 679 नामांकन पत्र प्राप्त किये है, सरपंच पद हेतु 146 नामांकन पत्र प्राप्त किये और जनपद सदस्य हेतु 31 नामांकन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्री तारसिंह खरे एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी के द्वारा प्राप्त किये गय प्राप्त किये गये।

# JSW MG मोटर इंडिया ने 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत अपना चौथा पायलट प्रोजेक्ट किया लॉन्च

**रायपुर :** JSW MG मोटर इंडिया ने एप्सिलॉन ग्रुप की इकाई LICO मटेरियल्स के सहयोग से 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) का अनावरण किया। इस उन्नत BESS में पुनः उपयोग की गई MG ZS EV बैटरियों का समावेश किया गया है, जो सर्कुलर EV अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए नवाचार अपनाने की कार निर्माता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पारंपरिक समाधानों की तुलना में इस उत्पाद की आयु चार गुना अधिक है और यह परिचालन लागत को 60% तक कम कर सकता है। यह JSW MG मोटर इंडिया का 'प्रोजेक्ट रिवाइव' के तहत दूसरा जीवन बैटरी अनुप्रयोगों के लिए चौथा पायलट प्रोजेक्ट है। कंपनी समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं के साथ सार्थक साझेदारियां कर रही है ताकि EV बैटरियों की प्राथमिक आयु के बाद की संभावनाओं का उपयोग किया जा सके। पिछली पहलों में किए गए महत्वपूर्ण नवाचारों के साथ, यह परियोजना JSW MG मोटर इंडिया द्वारा अब तक की सबसे उन्नत तैनाती को दर्शाती है।

## नाम परिवर्तन

मैं निरंजन यादव पिता स्व. श्री बंशी राम यादव निवासी मठपुरैना सुंदर नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) मेरे पुत्र मानस यादव के आधार कार्ड (581519654368) है जिसमें मेरे पुत्र का का नाम मंशा यादव (MANSHA YADAV) अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक अंकसूची में उनका नाम मानस यादव (MANSH YADAV) अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक अंकसूची में अंकित सही नाम के अनुसार पर उनके आधार कार्ड में सही नाम मानस यादव (MANSH YADAV) दर्ज किए जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

शपथकर्ता

//न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम//

// ईश्तहार//

अ / 2. वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर...
क्रमांक /234 / अ.वि.द./ प्रवा- 1/2024-25
कवर्धा, दिनांक 22.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगढ़ कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि प्रीति गुप्ता पिता सुर्यकांत गुप्ता निवास का पता: कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.-13 रा.नि.म. कवर्धा तहसील-कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 171/82 रकबा 0.0100 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 04-02-2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 21-01-2025
पेशी दिनांक -04-02-2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा
जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़

मुहर

//न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम//

// ईश्तहार//

अ /2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर....
क्रमांक /228/अ.वि.द./प्रवा - 1/2025
कवर्धा, दिनांक 22.01.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगरवासीगढ़ कवर्धा को सूचित किया जाता है, कि पूजा गुप्ता पति रत्नेश गुप्ता निवास का पता: कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं.-13 रा.नि.म. कवर्धा तहसील-कवर्धा स्थित भूमि खसरा नम्बर 171/81 रकबा 0.0100 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जानें से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 04-02-2025 को समय 05:30 बजे तक स्वत: या अपनें अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 21-01-2025
पेशी दिनांक 04-02-2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा
जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़

मुहर

//न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)//

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.
अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रत्नेश गुप्ता पिता शिवकुमार गुप्ता एवं अन्य 01 जाति-बनिया, निवासी ग्राम-कवर्धा, तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम-मुड़ियापारा, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. बोड़ला, तहसील-बोड़ला स्थित भूमि ख.नं 112/23 रकबा 0.034 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 14-02-2025 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 27.01.2025
पेशी दिनांक 14.02.2025

अनुविभागीय अधिकारी( राजस्व )
बोड़ला

मुहर

## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

### नामांतरण सूचना विज्ञप्ति क्रमांक 38 वर्ष 2024-25

**सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के अंतर्गत निम्नलिखित व्यक्तियों के उनके नाम के सामने भुमि भवन स्वामित्व परिवर्तन हेतु आवेदन किया है।**

**हित वाले व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

| क्र. | ना.प्र.क्र. | क्रेता का नाम | विक्रेता का नाम | वार्ड क्रमांक | नाम परिवर्तन का आधार जिस पर दावा आपत्ति की जानी है |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | 738 | श्रीमती मंगला ठाकुर / स्व. राजेश सिंह ठाकुर | पारखत सिंह ठाकुर एवं राजेश सिंह ठाकुर/ स्व. रनमत ठाकुर | वार्ड क्र. 13 मोहन नगर पूर्व दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पट्टे के लिए अनुबंध पत्र |
| 39 | 739 | श्रीमती स्मिता शर्मा / श्री कुलदीप शर्मा | श्रीमती रेखा विश्वकर्मा /श्री विनोद विश्वकर्मा | वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 40 | 740 | अम्मु लक्ष्मी शांति / स्व. अम्मु वेंकट रमाना मूर्ति अम्मु वेंकट अंकित आत्मज स्व. अम्मु वेंकट रमाना मूर्ति अम्मु वेंकट अश्विन आ. स्व. अम्मु वेंकट रमाना मूर्ति | अम्मु रमाना वेंकट रमाना मूर्ति / अम्मु गणपत राव अम्मु वेंकट सत्यनारायण अम्मु गणपत राव | वार्ड क्र 21 सिध्यिा नगर दुर्ग | मृत्यु प्रमाण पत्र, नायब तहसीलदार दुर्ग छ.ग. आदेश दिनांक 04.12.2023 |
| 41 | 741 | शीला भारद्वाज / स्व. वेंकटेश्वर भारद्वाज अग्राशु भारद्वाज / स्व. वेंकटेश्वर भारद्वाज अग्रिमा भारद्वाज / स्व. वेंकटेश्वर भारद्वाज | वेंकटेश्वर भारद्वाज/ जय लाल भारद्वाज | वार्ड क्र. 52 बोरसी (दक्षिण) दुर्ग | ऋण पुस्तिका के आधार पर |
| 42 | 742 | सुरेन्द्र कुमार चन्दानिया / स्व.बी. डी. चन्दानिया | श्री अशोक कुमार जोशी / स्व. डी.पी. जोशी | वार्ड क्र 50 बोरसी (पूर्व) दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 43 | 743 | श्रीमती सुनिता पाटनी / श्री अशोक पाटनी | श्रीमती प्रेमलता जैन / एम.पी जैन | वार्ड क्र 25 गायत्री मंदिर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 44 | 744 | अजीत वैद्य आत्मज श्री जीवन लाल वैद्य श्रीमती भुमिका वैद्य पति अजीत वैद्य | श्रीमती सीमा पहाड़े / अशोक पहाड़े श्रीमती साक्षी पहाड़े पति सारंग पहाड़े | वार्ड क्र 12 मोहन नगर पश्चिम | पंजीकृत बयनामा |
| 45 | 745 | गुलशन कुकरेजा आत्मज श्री भजन दास कुकरेजा | श्रीमती पूनम गिरि/ श्री विजेन्द्र गिरि | वार्ड क्र 24 आमदी मंदिर वार्ड दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 46 | 746 | श्रीमती बेला जैन / श्री जितेन्द्र कुमार जैन | श्री बसंत कुमार आत्मज चम्पाला जी कटारिया जैन | वार्ड क्र. 55 पुलगांव ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 47 | 747 | अजीमुद्दीन आत्मज अब्दुल सलीम खान | खेदुराम आत्मज स्व. कपील देवांगन | वार्ड क्र. 41 सुभाष नगर दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 48 | 748 | श्रीमती सरोज बाला साहू आत्मज श्री गजानंद साहू, | ऋतुराज चन्द्राकर / आत्मज श्री विक्रम चन्द्राकर | वार्ड कं. 58 उरला (पूर्व) दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |
| 49 | 749 | श्रीमती जागृति बघेल आत्मज चंद्रकिशोर बघेल | श्रीमती सरिता खिचरिया / श्री सुधीर कुमार खिंचरिया | वार्ड क्र 59 कातुलबोर्ड (पूर्व) दुर्ग | पंजीकृत बयनामा |

नामांतरण अधिकारी
नगर पालिक निगम दुर्ग

# नगर पंचायत बसना के अध्यक्ष पद पर डॉ.खुशबू अग्रवाल निर्विरोध

■ कॉंग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी के साथ तीन वार्डो मे भी पार्षद प्रत्याशीयो ने अपना नाम वापस लिए, भाजपा मे खुशी की लहर



**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुंद जिले के बसना नगर पंचायत में भाजपा ने निर्विरोध जीत दर्ज की हैं। भाजपा प्रत्याशी डॉ. खुशबु अग्रवाल के निर्विरोध होने के साथ बसना नगर पंचायत की अध्यक्ष चुनी गयी। नगर पंचायत बसना में अध्यक्ष का पद सामान्य महिला होने पर भाजपा ने डॉ. खुशुबू को टिकट दिया... वहीँ कांग्रेस ने अध्यक्ष पद के लिए तुलसी गौतम बंजारा को टिकट दिया था, जबकि आम आदमी पार्टी से आमरीन इल्लू गीगानी को प्रत्याशी बनाया गया था। वही फग बाई टंडन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप मे थीं... तीनो प्रत्याशियों के नामांकन वापसी के बाद भाजपा की डॉ. खुशबु अग्रवाल निर्विरोध बसना नगर पंचायत की अध्यक्ष बन गयी हैं..वही खुशबु अग्रवाल का कहना हैं,, यह जीत बसना की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं जिन्होंने मुझे इस लायक समझा। आगे कहा कि, भाजपा के हर जनकल्याणकारी योजना को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाना है उनकी पहली प्राथमिकता होगी।उन्होंने कहा कि, युवाओं को नई दिशा प्रदान करना और अपने नगर पंचायत को विकास की ओर बढ़ाना उनका मुख्य उद्देश्य होगा । इस तरह वार्ड क्रमांक 4 से 2 प्रत्याशी बीजेपी और कांग्रेस से थे, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रमेश दास ने नाम वापस लिया और आशीष साहू निर्विरोध हुए। वार्ड क्रमांक 13 से राकेश डडसेना भाजपा प्रत्याशी एवं लक्ष्मी चंद गुप्ता कांग्रेस प्रत्याशी थे, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा नाम वापस ले लिया जिसमे राकेश डडसेना निर्विरोध चुने गए। वहीं वार्ड क्रमांक 11 से 4 प्रत्याशी मैदान मे थे, जिसमें से बीजेपी से महेंद्र सिंह अरोड़ा व कांग्रेस से अजय दास निर्दलीय प्रत्याशी लोकनाथ डडसेना और धनेश्वर दास तीनों ने नाम वापस ले लियाऔर महेंद्र सिंह अरोड़ा निर्विरोध पार्षद घोषित हुए ।

## संक्षिप्त-खबर

### श्रीकांत देवांगन ने लिया नामांकन वापस, कांग्रेस पार्टी के निर्देश का पालन करने का लिया निर्णय



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत चुनाव पाटन में अध्यक्ष पद के लिए श्रीकांत देवांगन ने भी नामांकन जमा किया था। लेकिन उन्हें कांग्रेस से प्रत्याशी नहीं बनाया। उनके स्थान पर लक्ष्मी पटेल को टिकिट दिया गया। पार्टी के निर्णय का सम्मान करते हुए अब श्री कांत चुनाव मैदान से बाहर हो गए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जो दिशा निर्देश मिलेगा उसके अनुसार आगे काम किया जाएगा।

### ग्राम किकिरमेटा बना अयोध्या गांव की गलियों में गूंजा जय श्री राम जय जय श्री राम





**पाटन ( समय दर्शन )।** निषाद समाज ने आज 31जनवरी को उत्साह और उमंग के साथ गुहा निषाद जयंती मनाई। ग्राम किकिरमेटा में श्री राम जानकी मंदिर में राम जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर बाजे गाजे एवं जय श्री राम के जयकरो के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा। वही गांव में निषाद समाज का उमड़ी भीड़ समाज की सैकड़ों महिलाएं एवं बच्चों ने ली शोभा यात्रा में हिस्सा ।

### पंचायत चुनाव पाटन : जनपद क्षेत्र क्रमांक 13 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी श्रीमती उर्वशी वर्मा ने नामांकन जमा किया



**पाटन ( समय दर्शन )।** जनपद पंचायत पाटन के क्षेत्र क्रमांक 13 से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी श्रीमती उर्वशी महेंद्र वर्मा ने आज अपना नामांकन जमा किया। उन्होंने नामांकन जमा करने के बाद कहा कि वे जीत के प्रति आश्वस्त है। मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पाटन महेंद्र वर्मा , अजय सिंगौर सहित अन्य मौजूद रहे।

### पांचवी बार सरपंच बनने दाखिल किया नामांकन



**पाटन ( समय दर्शन )।** पाटन ब्लॉक के ग्राम गातापार में इस बार पांचवी बार सरपंच पद का चुनाव लड़ने के लिए होरी लाल साहू ने फिर से नामांकन जमा किया है। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण नामांकन दाखिल करने रैली निकालकर पहुंचे थे।

### नगरीय निकाय निर्वाचन व्यय के आकलन हेतु कैलाश खुटियारे होंगे व्यय प्रेक्षक

**मुंगेली (समय दर्शन)** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों की प्रचार-प्रसार हेतु खर्च की जाने वाली राशि के आकलन के लिए कैलाश खुटियारे को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। खुटियारे का मोबाइल नंबर 9303482721 है, तथा व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से नोविना अमृतलाल जगत ने दाखिल किया नामांकन



**बसना ( समय दर्शन )।** महासमुन्द जिला अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र क्रमांक-11 से श्रीमती नोविनाअमृतलाल जगत ने अपने समर्थकों के साथ नामाकन दाखिल किया है। आपको बता दें कि, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 11 से श्रीमती नोविना अमृतलाल जगत पिछले चुनाव मे भी भारी मतों के अंतर से निर्वाचित हुई थी।

क्षेत्र क्रमांक 11मे वे क्रमशः विगत पाँच साल बेहद सक्रिय रहकर क्षेत्र का सघन दौरा कर आम जनता से जुड़कर क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए सदैव प्रयत्नशील रही हैं । उन्होंने क्षेत्र के रचनात्मक कार्यों व विकास के लिए करोड़ों की सौगात देकर ग्रामीण जनो की हितचिंतक रही हैं ।

उनके पार्टी के प्रति निष्ठा, कार्यशैली, जनाधार को देखते हुए सरायपाली के स्थानीय विधायक श्रीमती चातुरी डिग्रीलाल नंद व जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि चन्द्रकार व कांग्रेस पार्टी ने श्रीमती नोविना अमृतलाल जगत पर भरोसा जताया है।

श्रीमती नोविना अमृतलाल जगत ने बताया कि, स्थानीय कांग्रेस कमेटी व जिला तथा प्रदेश कमेटी के साथ कदम से कदम मिलाकर वरिष्ठो व सभी कार्यकर्त्ताओं के साथ क्षेत्र क्रमांक 11मे भंवरपुर से साजापाली तक 102 पोलिंग एवं 43 ग्राम पंचायत क्षेत्र को कांग्रेसमय करना है। क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास की बलवती भावना के साथ विकास की गाथा लिखना हैं । इस दौरान उनके साथ पुरन पटेल, गिरधारी लाल पटेल,ठंडाराम पटेल,भागीरथी परेल, घागराय नायक, दया पटेल,ठाकुर सिंह राय,भोगेश्वर सिंह राय,खान सिह पारेश्वर,सेतकुमार सिदार,परदेशी लाल चौहान, हीरालाल राय,चक्रधर राणा, डाक्टर निषाद,कन्हैया लाल यादव,सोहनलाल मरकाम,सरपंच सुरेश निषाद ,पुरुषोत्तम साहू, नंदकुमार सिदार, रूपसिंग मैती, आनंदराय साहू, टोपलाल यादव, अर्जुन साहू,सूरत दास, जयसिंग सिदार एवं अनेक समर्थकगण उपस्थित रहे।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेटेमरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बसना ( समय दर्शन )।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेटेमरी विकास खंड बसना मे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश प्रधान,प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेटेमरी भोला प्रसाद सामल द्वारा किया गया । पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।ग्रामीण जनो द्वारा पुरस्कार देकर, बच्चों का उत्साहवर्धन किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षिका झामा ध्रुव ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। चंपतलाल चौधरी,बी के साव, मथामनी साहू, नीलम कुमार, तंजू साव, प्रीतम पटेल,संकुल समन्वयक वारिश कुमार का विशेष सहयोग रहा । नोडल प्राचार्य शरद कुमार प्रधान,आर शर्मा,के के सामल, पुरुषोत्तम साहू, चंद्रकांत मांझी,मनबोध चौहान,सुरेश साव मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बड़ेटेमरी के प्रधान पाठक भोला प्रसाद सामल द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया । मंच संचालन प्रधान पाठक छोटेटेमरी गफ्फार खान ने किया।

# महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग और संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा के बीच एम.ओ.यू. पर हुए हस्ताक्षर




**पाटन ( समय दर्शन )।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. रवि आर. सक्सेना जी के गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 31.01.2025 को महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग और संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा के बीच वानिकी एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में शेक्षणिक उत्कृष्टता हेतु एम.ओ.यू. पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग की तरफ से निदेशक शिक्षण डॉ. एम.एस. पैकरा तथा संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा की तरफसे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. त्रिपाठी जी ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कुलपति डॉ. सक्सेना ने दोनों ही विश्वविद्यालयों के समन्वय से वानिकी एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में शोध, विद्यार्थियों के अध्यापन एवं उन्नत तकनीकियों के विकास एवं प्रचार-प्रसार के कार्यों को छत्तीसगढ़ राज्य में उद्यानिकी एवं वानिकी कृषकों की प्रगति हेतु गति देने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही डॉ. सक्सेना ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय के मध्य समन्वय स्थापित होने से दोनों ही विश्वविद्यालयों में वानिकी के क्षेत्र में अध्ययनरत् शोधार्थियों के शोध कार्यों में गुणवत्ता आयेगी जिससे छत्तीसगढ़ राज्य एवं इसकी वन-सम्पदा को संरक्षित करने एवं राज्य की सामाजिक वानिकी की स्थिति में सुधार के अवसरों को प्राप्त करने की सम्भावनायें बढ़ेंगी। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा से एम.आ.यू. पर हस्ताक्षर के लिए आये हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. त्रिपाठी ने फॉर्म-फारेस्ट्री के क्षेत्र में शोध, टाऊ प्रोसेसिंग, टमाटर की प्रोसेसिंग, चाय-कॉफी उत्पादन एवं प्रोसेसिंग, उद्यानिकी एवं वानिकी में उपज का ओव्हर प्रोडक्शन एवं वैल्यू एडीशन आदि की छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में अपार संभावनाओं को व्यक्त करते हुए महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु विश्वविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। दोनों विश्वविद्यालय के बीच शेक्षणिक उत्कृष्टता हेतु समन्वय स्थापित किये जाने हेतु एम.ओ.यू. हस्ताक्षर की प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग में कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी एम.ओ.यू. एवं अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा, बेमेतरा डॉ. पी.के. तिवारी के द्वारा किया गया, जिसमें बस्तर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं वानिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शरद नेमा, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सांकरा-पाटन, दुर्ग डॉ. अमित दीक्षित, कुलसचिव श्री आर.एल. खरे, उप-लेखानियंत्रक श्री मनोज तिवारी, प्रोफेसर डॉ. एच.जी. शर्मा, डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. राजेश्वरी साहू एवं डॉ. अविनाश उडिकेरी आदि उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों के मध्य पहुंचे राजनीतिक खिलाड़ी मोनू साहू, सुबह से कर रहे जनसंपर्क की शुरुआत, प्रचार में मिल रहा सभी वर्ग का साथ



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मोरध्वज मोनू साहू सुबह से ही अब अपने चुनाव प्रचार में लग गए हैं । आज वह अमलेश्वर नगर के खेल ग्राउंड पहुंचे जहां पर खिलाड़ियों से जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि अमलेश्वर पालिका में प्रत्याशी के रूप में वह चुनाव मैदान पर खड़े हुए हैं। खिलाड़ियों का उन्होंने हमेशा सम्मान किया है मनोबल भी बढ़ाया है। अमलेश्वर पालिका में कांग्रेस की अध्यक्ष और पार्षद बनने के बाद यहां पर खिलाड़ियों के लिए सर्व सुविधायुक्त एक स्टेडियम बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने सुबह अमलेश्वर पालिका के कुछ वार्डों में भी जनसंपर्क की शुरुआत की है। वह सुबह से ही जनसंपर्क में निकल जाते हैं। उसे प्रचार के दौरान सभी वर्ग का व्यापक समर्थन मिल रहा है। साथ ही साथ पालिका के मतदाता भी उन्हें जीत के आशीर्वाद दे रहे हैं।

# कल्पतरु कंपनी के कर्मचारी की वाहन सुविधा नहीं मिलने के कारण हुई देरी, कर्मचारी ने रास्ते में ही तोड़ा दम

**दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** किरंदुल कल्पतरु कंपनी के एक कर्मचारी की वाहन सुविधा नहीं ?मिलने के कारण देर से अस्पताल पहुंचने में देर होने पर कर्मचारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बता दें कि किरंदुल के बहुचर्चित कंपनी कल्पतरु के लेबर की मौत से वर्कों में सन्नाटा पसर गया है । मिली जानकारी के अनुसार कल कल्पतरु में कार्य करने वाले मजदूर अब्दुल अज़ीज़ उम्र करीब 27 वर्ष निवासी कोलकाता मालदा की कल सुबह अचानक तबियत बिगड़ गई इसकी जानकारी उनके सहपाठी कंपनी के इंचार्ज को फोन पर दी गई पर कंपनी के इंचार्ज के द्वारा फोन जल्दी रिसीव नहीं किया गया जिसके कारण लगभग 2 घंटे बाद गाड़ी पहुंची जिस कारण कल्पतरु को अस्पताल ले जाने में देरी हो गई और मजदूर की मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद भी कंपनी का कोई भी उच्च अधिकारी के नहीं आए और इस संबंध में बात करने के लिए तैयार नहीं होना आखिर इसकी वजह क्या है आपको बता दे कल्पतरु वही कंपनी है जो एनएमडीसी की 10 मंजिला इमारत बना रही है इसमें कई मजदूर बाहर से लाकर लगाए गए हैं इतना ही नहीं इन मजदूरों को अपने हाल पर छोड़ दिया जाता है यहां मजदूरों की सुविधा न के बराबर है क्या कंपनी जिस मजदूर की मौत हुई है उसे मुआवजा देगी या ऐसे ही टालमटोल कर मामले को फिर दबा दिया जायेगा फिलहाल यह तो समय बताएगा। घटना के संबंध में जब लोगों से बातचीत की तो वहां के लोगों ने बताया कि जिस मजदूर की मौत हुई है उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं पर सवाल या उठता है कि जिस शख्स ने कंपनी के लिए अपना तन मन लगा दिया और ईमानदारी से कार्य किया क्या उसके परिवार को कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा इस विषय में जब लोगों से बातचीत की घटना का जायजा लिया पर उसके सहपाठी मजदूरों ने कुछ बोलने को तैयार नहीं वही घटना के संबंध में थाना प्रभारी साहू पहलाद कुमार साहू ने बताया की मजदूर की तबीयत खराब थी उसे अस्पताल पहुंचाया गया वहां उसकी मृत्यु हो चुकी थी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर उनके परिजन को इसकी सूचना दी गई है जैसे ही परिजन पहुंचेंगे उसके बाद पोस्टमार्टम की जाएगी पीएम के बाद ही पता चलेगा कि आखिर किस कारण से मजदूर ? की मौत हो गई



स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26